www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

25 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 128

किसानों की समृद्धि के लिए है सम्मान निधि : संजय सेठ



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की समीक्षा बैठक

रांची। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले के संबंध में की समीक्षा बैठक। उन्होंने पेपर लीक मामले की वर्तमान स्थिति, जांच में हुई प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा की। गुप्ता ने परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखने पर बल दिया। उन्होंने इस मामले की जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिये। सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने एवं इस मामले के अनुसंधान में डिजिटल तकनीकी उपकरण का उपयोग कर गहराई से जांच करने एवं दोषियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक निष्पक्ष /सुरक्षित बनाने के उपायों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

### 70 फीसदी रक्षा सामग्री खुद बना रहा भारत: राजनाथ

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी आइआइटी में सोमवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अब 70 प्रतिशत रक्षा सामग्री का निर्माण खुद कर रहा है। पहले 70 प्रतिशत सामग्री आयात करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि भारत ने अब रक्षा सामग्री का निर्यात शुरू कर दिया है। वर्ष 2023-24 में 23 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री का निर्यात की है। 2029 तक इसे बढ़ाकर 50 हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। राजनाथ ने कहा कि आइआइटी मंडी पहले से ही डीआरडीओ के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में काम कर रहा है। उन्होंने इस संस्थान के छात्रों से एआइ तकनीक का उपयोग कर रक्षा क्षेत्र में नये अनुसंधान का आग्रह किया।

## राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मंईयां योजना से मिली गति : गंगवार

- राज्यपाल ने गिनायी हेमंत सरकार की उपलब्धियां
- विपक्ष बोला, राज्यपाल से असत्य बुलवा रही सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल अपने अभिभाषण में कहा कि मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशील हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए सुशासन केवल एक शब्द नहीं, बल्कि उसके हर अक्षर को सच्चे अर्थों में चरितार्थ करने का मंत्र है। पारदर्शी, उत्तरदायी, त्वरित, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ कार्य-संस्कृति शासन तंत्र के प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित करना सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भाजपा सदस्यों ने टोकाटाकी भी की। बजट सत्र 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान 20 बैठकें होंगी। सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 3 मार्च को पेश करेगी।

**भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए प्रभावशाली कदम :** राज्यपाल ने कहा कि राज्य की विकास यात्रा में भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अधिक प्रभावशाली तरीके से अंकुश लगाया जा रहा है। भ्रष्ट लोक सेवकों की ट्रैपिंग की जा रही है। इस वर्ष भ्रष्टाचार के आरोपों में कुल 59 कांड दर्ज किये गये, 42 केस का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया और 52 सफल ट्रैप किये गये। भ्रष्टाचार के विभिन्न आरोपों में कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया।

**46552 पदों पर नियुक्तियों के लिए विज्ञापन :** राज्यपाल ने कहा कि सरकार राज्य के युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य अंतर्गत विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित किये जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अब तक कुल 48 हजार 504 रिक्त पदों पर नियुक्ति की अधियाचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेजी गयी है, जिसमें 46 हजार 552 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आयोग की ओर से विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है।

**22 खनिज ब्लॉक की नीलामी के लिए तैयार :** राज्यपाल ने बताया कि झारखंड की धरा रत्नगर्भा है। वर्तमान में 22 वृहत खनिज ब्लॉक को नीलामी के लिए तैयार किया गया है। इनमें जीएसआइ की ओर से अन्वेषित 4 बॉक्साइट ब्लॉक की नीलामी केंद्र सरकार की ओर से की जानी है। शेष 18 ब्लॉकों में से 2 ब्लॉकों का टेक्निकल वैल्युशन का कार्य प्रगति पर है, जबकि 16 ब्लॉकों की नीलामी की कार्रवाई की जा रही है।

**1.82 लाख किसानों का 403 करोड़ का ऋण माफ :** राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024-25 में 1.82 लाख किसानों का 403 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया, जबकि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत 22 जिलों के 226 प्रखंडों के किसान परिवारों को 3500 रुपये की राशि दी गयी। इस योजना के तहत 13 लाख 62 हजार लाभुकों को 477 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

**नक्सलियों, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि की चर्चा :** राज्यपाल ने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त, भयमुक्त और अन्यायमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और 9 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।



### सत्ता पक्ष ने मेज थपथपा कर स्वागत किया, विपक्ष ने की टोकाटाकी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। जब वह सरकार के कार्यों की तारीफ कर रहे थे, सत्ता पक्ष के विधायकों ने मेजें थपथपा करा स्वागत किया। वहीं, भाजपा विधायकों ने अभिभाषण में टोकाटोकी की। हालांकि बीच-बीच में व्यवधान के बावजूद राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ते रहे। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार राज्यपाल से असत्य बुलवा रही है। ऐसा कुछ नहीं हो रहा है।

### पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह और रतन टाटा समेत अन्य को श्रद्धांजलि


रांची (आजाद सिपाही)। बजट सत्र के पहले दिन पिछले सत्र से अब तक की अवधि में कई राजनेताओं, उद्योगपति, कलाकारों और आम नागरिकों का निधन हो गया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, उद्योगपति रतन नवल टाटा, राजनेता सीताराम येचुरी, ओम प्रकाश चौटाला, एसएम कृष्णा, कुंवर नटवर सिंह, सधनु भगत, बच्चा सिंह, छत्रुराम महतो, बैरागी उरांव, गुलाब सिंह मुंडा, मनोरमा सिंह, डॉ कृष्णानंद झा, विश्वनाथ सिंह, गणेश पासवान, प्रीतिश नंदी, जनरल पद्मनाभन, शारदा सिन्हा, उस्ताद जाकिर हुसैन और श्याम बेनेगल प्रमुख हैं। इन सभी के प्रति विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की तरफ से शोक व्यक्त किया। अंत में कुछ क्षण के लिए मौन रखने के बाद सभा की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

### नेता प्रतिपक्ष के बिना चलेगा सत्र

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा का बजट सत्र 27 मार्च तक चलेगा। झारखंड का बजट 3 मार्च को सदन पटल पर रखा जायेगा। इस बार भी विधानसभा का सत्र बिना नेता प्रतिपक्ष के चलेगा। दरअसल, अभी तक भाजपा विधायक दल नेता का नाम तय नहीं कर पायी है। नतीजतन सदन में नेता प्रतिपक्ष किसी को नहीं बनाया गया है।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी

# 'जंगलराज वाले' महाकुंभ को गाली दे रहे: नरेंद्र मोदी



- प्रधानमंत्री ने भागलपुर में बिहार के लिए 24 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट लांच किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये जो जंगलराज वाले हैं, इनको हमारी धरोहर, आस्था से नफरत है। वे महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। जनता इन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने पशुओं का चारा खाया, वे हालात को बदल नहीं सकते। प्रधानमंत्री सोमवार को बिहार के भागलपुर में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने बिहार के लिए 24 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट लांच किये। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिये करीब 9.8 करोड़ किसानों के खातों में 22 हजार करोड़ भेजे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाषण की शुरुआत अंगिका में लोगों को प्रणाम करते हुए की। नीतीश कुमार को लाडला मुख्यमंत्री बताया। अपने भाषण में छह बार जंगलराज और तीन बार कांग्रेस का जिक्र कर घेरा। उन्होंने कहा कि पहले छोटे किसानों का हक बिचौलिये हड़प लेते थे, लेकिन ये मोदी है, नीतीश जी हैं, जो किसानों का हक किसी को नहीं खाने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने लालकिले से कहा है, विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ हैं, गरीब, अन्नदाता किसान, हमारे युवा और हमारे देश की नारी। चाहे केंद्र हो या यहां नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही एनडीए की सरकार हो, किसान हमारी प्राथमिकता हैं। किसानों के लिए सरकार ने पूरी मेहनत से काम किया है। उन्होंने किसानों के हित में उठाये गये कदमों का जिक्र किया।

### निवेश का यही समय सही समय है : मोदी

भोपाल (आजाद सिपाही)। भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया को भारत से बहुत सारी उम्मीदें हैं। वे चाहे सामान्य जन हों, नीतिगत जानकार हों, देश हों या फिर संस्थान हों। पिछले कुछ हफ्तों में जो कमेंट आये हैं, वो भारत के हर निवेशक का उत्साह बढ़ाने वाले हैं। विश्व बैंक ने कहा है भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। मोदी ने कहा कि निवेस का यही समय, सही समय है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार की निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 18 से अधिक नयी नीतियां भी लांच कीं।

(विस्तृत पेज 12 पर देखें।)

## झारखंड सरकार ने हाइकोर्ट को बताया

# नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण नहीं हो रही नियुक्ति

- लोकायुक्त समेत अन्य पदों पर नियुक्ति संबंधित मामले पर हुई सुनवाई


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान झारखंड सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है।

दरअसल राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद कुछ वर्षों से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने को लेकर हाइकोर्ट काफी गंभीर है और कोर्ट ने सरकार को उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का निर्देश भी दिया है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं होने के कारण नियुक्तियों पर पेंच फंसा हुआ है।

### महाकुंभ में अक्षय कैटरीना ने आस्था की डुबकी लगायी

**प्रयागराज।** महाकुंभ का सोमवार को 43वां दिन था। मेला खत्म होने में दो दिन और बचे हैं। सोमवार को 1.05 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम स्टेशन से लेकर संगम तक भीड़ ज्यादा थी। दोपहर तक भीड़ कम होना शुरू हो गयी। 13 जनवरी से अब तक 62.97 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। सोमवार को बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने संगम स्नान किया। वहीं, अभिनेत्री एक्ट्रेस कैटरीना कैफ भी महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का आशीर्वाद लिया।




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर अधिकारियों ने उठाया कदम

# टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों को ले गये तेलंगाना

- गुमला जिला प्रशासन के अधिकारी हवाई जहाज से ले कर गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी सोमवार को तेलंगाना रवाना हुए। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं।



**क्या है वर्तमान स्थिति:** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल आठ श्रमिक फंसे हुए हैं, जिनमें झारखंड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक-एक श्रमिक शामिल हैं। एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर (एएलओ), नागरकुरनूल एवं फंसे हुए झारखंड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गये अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है। श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स (एलटीएस) के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोजेक्ट में कार्य कर रहें हैं।

**लगातार ली जा रही है रिपोर्ट:** राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन एवं वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किये जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गयी टीम भी वहां पहुंच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत करायेगा।

### झारखंड के श्रमिकों पर सरकार की है नजर: हेमंत



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि टनल हादसे में फंसे झारखंड के श्रमिकों को जल्द ही लाया जायेगा। राज्य सरकार के द्वारा इस मामले में लगातार तेलंगाना सरकार से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के आला अधिकारी लगातार तेलंगाना के मुख्य सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों के संपर्क में हैं। इस संबंध में जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100,000 रु./प्रति किलो |

# अबुआ सरकार के बजट से बंधी हैं उम्मीदें

## ■ चुनावी वादों से लेकर दूसरे आर्थिक मुद्दों पर रहेगा फोकस

## ■ झारखंड के विकास की गाड़ी को रफ्तार देना जरूरी

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की छठी विधानसभा का पहला बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो गया है। राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू हुआ यह सत्र वास्तव में हेमंत सोरेन सरकार 2.0 के सामने कई तरह की चुनौतियों को लेकर आया है। चुनौतियां हैं तो उम्मीदें भी हैं। वैसे हेमंत सरकार ने हर चुनौती का डटकर सामना किया है। कई क्षेत्रों में सफलता भी हाथ लगी है। फिलहाल सरकार को झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के साथ अपने सहयोगी दलों की आकांक्षाओं-उम्मीदों पर खरा उतरना है। लगातार दूसरी बार राज्य की बागडोर संभालने वाले हेमंत सोरेन ने पहले ही कहा है कि उनकी सरकार अबुआ सरकार के सपने को साकार करेगी और जनता की इच्छा के अनुरूप ही बजट तैयार करेगी। इसके लिए आम लोगों से सुझाव भी मांगे गये और सुझाव मिले भी। अब, जबकि विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है और हेमंत सोरेन सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीन मार्च को बजट पेश करेंगे, यह जानना बेहद दिलचस्प है कि आखिर इस बजट में सरकार से क्या उम्मीदें हैं और हेमंत सोरेन सरकार को कैसे तमाम संतुलनों को साधने की बाजीगरी दिखानी होगी। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि झारखंड के सामने आर्थिक चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है और सरकार के पास विकल्पों का सर्वथा अभाव है। ऐसे में हेमंत सोरेन सरकार के सामने केंद्रीय सहायता पर निर्भर रहने के अलावा कोई रास्ता दिखाई नहीं देता है। अपने संसाधनों से झारखंड सरकार चाहे जितना भी जुटा ले, उसे अपनी जरूरतों के लिए दिल्ली का मुंह देखना ही पड़ेगा। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इच्छाशक्ति और राजनीतिक-प्रशासनिक कुशलता उन्हें इस चुनौती का सामना करने की ताकत देगी, इसमें संदेह नहीं है। क्या है झारखंड की वर्तमान आर्थिक स्थिति और क्या हैं हेमंत सोरेन सरकार के सामने चुनौतियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड की छठी विधानसभा का पहला बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। 27 मार्च तक चलनेवाले इस सत्र के दौरान हेमंत सोरेन सरकार 2.0 का पहला बजट पेश किया जायेगा। यह बजट इसलिए भी खास है, क्योंकि यह अबुआ सरकार का पहला बजट होगा, जिसमें झारखंड के लोगों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी दलों की उम्मीदें भी दिखाई देंगी। उम्मीद की जा रही है कि हेमंत सोरेन सरकार का आगामी बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केंद्रित होगा, जिसके माध्यम से सतत समावेशी और सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले ही कह चुके हैं कि उनकी सरकार ने इस बार के बजट को समावेशी बनाते हुए सभी वर्ग और सेक्टर के विकास पर केंद्रित करने का मन बनाया है। इसके लिए आम लोगों से बजट के संदर्भ में सुझाव मांगा गया था। आम लोगों ने बजट को लेकर ढेरों सुझाव दिये हैं।

### बजट से लोगों को बहुत सी उम्मीदें

तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किये जानेवाले बजट से लोगों ने बहुत सी उम्मीदें बांध रखी हैं। राज्य सरकार के बजट का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है। योजना मद और गैर योजना मद की राशि में हर साल वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। चुनावी साल की वजह से अपनी घोषणाओं को पूरा करने में सरकार को हजारों करोड़ का वित्तीय बोझ पड़ा है। स्वभाविक रूप से इसकी झलक आगामी बजट में भी देखने को मिलेगी।

### बढ़ेगा बजट का आकार

चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट एक लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये का है। अभी जिस तरह का वित्तीय भार सरकार पर है, ऐसे में बजट आकार बढ़ना स्वाभाविक है। वर्तमान बजटीय राशि में करीब 20 फीसदी बढ़ोत्तरी किये बिना सरकार अपनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकती है। राज्य सरकार के सभी विभागों को बहुत पहले ही इस बारे में जानकारी दी गयी थी। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि उनकी तरफ से की गयी मांगों को बजट में समाहित किया जायेगा।



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर होगा फोकस

बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ हेमंत सरकार कृषि, शिक्षा, सिंचाई और स्वास्थ्य पर फोकस कर सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बजट को लेकर मांगे गये सुझावों में सबसे अधिक सुझाव इन्हीं क्षेत्रों को लेकर मिले हैं। इसके अलावा सहयोगी दल भी यही चाहते हैं कि सरकार का फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर हो।

### क्या है हेमंत सोरेन का विजन

जहां तक बजट के बारे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन का सवाल है, तो वह पहले ही कह चुके हैं कि इस बार का बजट झारखंड राज्य के लिए बहुत खास होने जा रहा है। यह बजट न केवल झारखंड की दशा-दिशा तय करेगा, बल्कि यहां के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। बकौल सीएम, झारखंड पिछड़े राज्यों में से एक है और केंद्र सभी का अभिभावक है, तो झारखंड पर उसे विशेष ध्यान देना चाहिए। वैसे झारखंड अपनी पूरी ताकत से खुद को आगे ले जाने की कोशिश कर रहा है।

### हर क्षेत्र पर रहेगा ध्यान

झारखंड के बजट में राज्य की आर्थिक समृद्धि का ब्लूप्रिंट तो होगा ही, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उपायों की झलक देखने को मिल सकती है। झारखंड सरकार का वित्तीय प्रबंधन काफी मजबूत हुआ है और इसके कारण आर्थिक संतुलन कायम करने में आसानी हो सकती है। इसलिए आगामी बजट मुख्य रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें कृषि के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई पर विशेष फोकस रहेगा।

### सहयोगी दलों की उम्मीदों का बोझ

इन बजटीय अपेक्षाओं के अलावा हेमंत सोरेन सरकार के वित्त मंत्री के सामने सहयोगी दलों की उम्मीदों का बोझ उठाने की भी चुनौती है। कांग्रेस ने जहां बजट में अपनी सात गारंटी में से एक जातीय जनगणना के लिए बजटीय प्रावधान करने की मांग की है, तो भाकपा माले नेताओं का कहना है कि इस वर्ष राज्य बजट में हर जिले में इंडस्ट्रियल हब बनाने का प्रावधान किया जाये। उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र से वादों को पूरा करने की दिशा में शुरूआत हो, यही उनकी इच्छा है। राजद ने पिछड़े इलाकों के लिए रियायत देने और सर्वांगीण विकास के कार्यक्रमों पर ध्यान देने पर जोर दिया है।

इन तमाम परिस्थितियों में यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि हेमंत सोरेन 2.0 का पहला बजट झारखंड की आम जनता के साथ सरकार के सहयोगियों की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है। फिर विपक्ष तो उस पर हमला करने के लिए तैयार बैठा ही है। लेकिन इतना तय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी रणनीतिक कुशलता और प्रशासनिक क्षमता के साथ इस बजट की चुनौतियों से पार पा लेंगे।

---

### संगठन पर्व का उद्देश्य पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार : सुनील बंसल

# संगठन पर्व को समयबद्ध चरण में सफल बनायें : बाबूलाल मरांडी




**भविष्य का मजबूत कार्यकर्ता गढ़ने का पर्व है संगठन पर्व : संजय जयसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद , प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, सीमा शर्मा सहित संगठन पर्व को सफल बनाने में जुटे जिलों के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सुनील बंसल, लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं चुनाव अधिकारी संजय जयसवाल के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन गणेश मिश्र ने, विषय प्रवेश प्रदेश महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सुनील बंसल ने कहा कि संगठन पर्व पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार का पर्व है।

उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज देश भर में 13.50 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। कहा कि पूरे देश में संगठन महापर्व कार्यक्रम चल रहा जिसमें झारखंड भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत का स्वप्न साकार होगा। कहा कि सशक्त भाजपा का मतलब सर्व स्पर्शी भाजपा, सर्व समावेशी भाजपा, सर्व व्यापी भाजपा। कहा कि भाजपा संगठन विस्तार में महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दे रही है। सांसद संजय जयसवाल ने कहा कि झारखंड में भाजपा का मजबूत सांगठनिक जनाधार है। जिसे और विस्तृत, व्यापक बनाने की प्रक्रिया संगठन पर्व में चल रही। भाजपा का संगठन कार्य सतत चलने वाला कार्य है।

कहा कि संगठन पर्व भविष्य का कार्यकर्ता गढ़ने का पर्व है। पार्टी के विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही धरातल पर ले जाने का माध्यम है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में संगठन पर्व विलंब से शुरू हुआ लेकिन हम इसे परिश्रम से समय पर पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर की सांगठनिक संरचना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

---

# किसानों की समृद्धि के लिए है सम्मान निधि : संजय सेठ

### पीएम की प्रेरणा से प्राकृतिक खेती की तरफ लौट रहे किसान

**विकसित भारत में किसानों का भी होगा महत्वपूर्ण योगदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से सोमवार को देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 19वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की। इस दौरान किसान विकास केंद्र, रामकृष्ण मिशन, रांची में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, कृषि वैज्ञानिक और कृषि कार्यों में रुचि रखने वाले प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों की समृद्धि के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चार वर्गों की बात की है, जिसमें प्रमुख वर्ग हमारे अन्नदाता किसान हैं। किसानों का ख्याल रखना, कृषि से जुड़ी उनकी जरूरत का ख्याल रखना, यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कर रही है। इसी के तहत प्रतिवर्ष किसानों को सम्मान राशि के रूप में ?6000 दिये जाते हैं ताकि कृषि कार्यों में उनकी जरूरतें पूरी हो सकें। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से उपजाये गये कृषि उत्पादों को भी देखा और इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र और रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के किसानों में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है।

किसान अब प्राकृतिक खेती की तरफ लौट रहे हैं, यह सुखद है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान का प्रतिफल है कि हमारे अन्नदाताओं की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी कृषि में बहुत कुछ करना बाकी है ताकि भारत कृषि क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सके। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विकसित भारत की बात करते हैं, उसमें महत्वपूर्ण योगदान हमारे अन्नदाता किसानों का रहने वाला है। ऐसे में सरकार आपकी हर जरूरत का ख्याल रखेगी ताकि विकसित भारत के निर्माण में आपका महत्वपूर्ण योगदान मिल सके। इस अवसर पर राम कृष्णा मिशन के स्वामी स्वामी भवेशानंद सहित जिला के कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**प्राकृतिक के साथ नयी तकनीक से खेती करने वाले 5 किसान सम्मानित**

आज के कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अनगड़ा के किसान संतोष बेदिया और दीपेंद्र बेदिया, मधुमक्खी पालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए रातू के किसान मनराखन महतो, नयी तकनीकी के द्वारा कृषि उपज में अप्रत्याशित वृद्धि प्राप्त करने वाली अनगड़ा की महिला किसान सोनी देवी और पार्वती देवी को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सम्मानित किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 26.9 °c | 13.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.15 बजे |






झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट किया। वहीं, दूसरी ओर विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल ने किया।

# बजट सत्र का पहला दिन : सत्ता पक्ष के नेताओं ने अहम मुद्दों पर दिया बयान, विपक्ष ने भी घेरा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने अपनी-अपनी तैयारी कर ली है। बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री और झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू, पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने मीडिया के सवालों का जवाब दिया। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी विपक्ष को घेरा। वहीं जैक 10वीं परीक्षा का पेपर लीक मामले में विपक्ष ने भी गठबंधन सरकार को घेरा।

## विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना: हेमलाल



पूर्व मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना है। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि विधानसभा का बजट सत्र बेहतरीन तरीके से चलेगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मामले में सरकार ने त्वरित कार्रवाई की है। राज्य की मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को जनवरी-फरवरी की राशि नहीं मिलने के सवाल पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए। बजट सत्र के दौरान ही मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेज दी जायेगी।

## योजनाओं पर निर्णय लेगी राज्य सरकार: प्रदीप यादव



वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि हम सभी को उम्मीद है कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं पर अहम फैसला लेगी। जातीय जनगणना, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर सार्थक निर्णय लिये जायेंगे। प्रदीप यादव ने कहा कि हमारे सारे विधायक इसकी तैयारी में हैं कि जिन मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच गये हैं और जो मुद्दे आज भारतीय जनता के पार्टी के कारण लटके हैं उन मुद्दों को फिर से जागृत किया जाये। उन्होंने पेपर लीक मामले पर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि पहले भी पेपर लीक होते होंगे, लेकिन तब ये बातें सार्वजनिक नहीं होती होंगी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में भाजपा नेताओं के ही नाम आ रहे हैं।

## 3 मार्च तक विपक्ष इंतजार करे : रामेश्वर



राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने उम्मीद जतायी है कि विधानसभा का बजट सत्र शांतिपूर्ण तरीके से चलेगा और जनहित में कई कार्य निपटाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनता से किये वादों को लेकर विपक्ष को अभी ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार 03 मार्च को सरकार बजट ला रही है। उन्हें देखना चाहिए कि क्या-क्या बजट में आता है।

## जैक की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए विपक्षी दलों ने करवाया पेपर लीक : सुदिव्य कुमार



रांची। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले ही दिन हेमंत सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जैक की मैट्रिक परीक्षा में विज्ञान और हिंदी के पेपर लीक के पीछे विपक्षी दलों की साजिश बताया। मंत्री ने साफ कर दिया है कि सदन के अंदर सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को उसी के अंदाज में जवाब देने को तैयार हैं। विधानसभा में प्रवेश करने से पहले मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि लोकप्रिय हेमंत सरकार पर इसी तरह के अनर्गल आरोपों की वजह से जनता ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को 25 विधायक से 21 विधायक वाली पार्टी बना दिया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि अगर उनका यही रवैया जारी रहा तो भाजपा 21 से 11 पर आ जायेगी। मंत्री ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा पेपर लीक होने से छात्रों को लाभ नहीं हुआ, ऐसे में यह पूरी तरह से सरकार को बदनाम करने की साजिश है।

## विपक्ष के सवालों का मुस्तैदी से जवाब मिलेगा: सुरेश पासवान



बजट सत्र के पहले दिन राजद विधायक दल के नेता और पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा तो अपना नेता तक नहीं चुन पायी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए सत्तापक्ष तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता के विकास के लिए मुश्तैदी के साथ एक महीने तक सदन की कार्यवाही चलेगी।

## पेपर लीक की सरकार बन गयी है गठबंधन सरकार : नवीन जयसवाल



रांची। नवीन जयसवाल ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण अब सिर्फ नौकरी की परीक्षाएं ही नहीं, बल्कि दसवीं की परीक्षाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पेपर लीक सरकार बनकर रह गयी है। उक्त बातें बजट सत्र शुरू होने से पहले हटिया विधायक नवीन जयसवाल मीडिया को संबोधित करते हुए कहा। ब्लॉक और अंचल कार्यालय को आम जनता को लूटने का अड्डा बना दिया गया है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, राज्य में खुलेआम हत्याएं हो रही हैं। जमीन की लूट मची हुई है, लोग अपनी संपत्ति बचाने के लिए परेशान हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि लाखों नौकरियों का वादा करके सत्ता में आयी सरकार अब सिर्फ 100-200 लोगों को नौकरी देकर अपनी पीठ थपथपा रही है। बेरोजगारी भत्ते की कोई चर्चा तक नहीं हो रही है। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी सिर्फ चुनावी जुमला साबित हुआ। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे उनका भविष्य अंधकार में है।

## जैक 10वीं परीक्षा का पेपर लीक होना सरकार की नाकामी का सबूत : जयराम महतो



रांची। जैक 10वीं परीक्षा पेपर लीक मामले और मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर डुमरी विधायक जयराम महतो ने सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि दसवीं का पेपर लीक होना सरकार की नाकामी का सबूत है। यह सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। विधायक ने कहा कि बच्चे हताश और परेशान हैं। उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। हर बार सरकार सिर्फ जांच के नाम पर टालमटोल करती है। सरकार ने पेपर लीक रोकने के लिए अब तक कोई ठोस उपाय नहीं किया है। कहा कि छात्रों और अभिभावकों के मन में यही सवाल है कि आखिर यह सिलसिला कब खत्म होगा? जयराम महतो ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर भी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि योजना का प्रचार-प्रसार तो खूब किया गया, लेकिन छठी और सातवीं किस्त का अब तक पता नहीं है। राज्य की बहन-बेटियां पैसे का इंतजार कर रही हैं। लेकिन सरकार के पास कोई ठोस जवाब नहीं है। योजना का लाभ मिलने में देरी से जनता निराश है। सरकार समाधान निकालने की बजाय जनता को उलझाने में लगी हुई है। डुमरी विधायक ने साफ किया कि वह सदन में सरकार से जवाब मांगेंगे और जनता के हक की आवाज उठायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को अब जवाबदेह बनना होगा, सिर्फ जांच की बातें करने से समस्याओं का हल नहीं निकलेगा। बजट को लेकर जयराम महतो ने कहा कि राज्य की जनता बजट का इंतजार कर रही है। राज्य के लोगों का कल्याण हो, ऐसा बजट आना जाहिए।

## विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर



रांची (आजाद सिपाही)। सत्र शुरू होने के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि बजट सत्र 27 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी। इस दौरान वर्ष 2024-25 का तृतीय अनुपूरक बजट और वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट पेश किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सदस्यों से आम जन को बड़ी उम्मीदें होती हैं। इसलिए वह अपील करना चाहेंगे कि सदन में आलोचना हो, सदन में विचार व्यक्त हो, अभिव्यक्ति हो, लेकिन गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इस सदन में पहली बार 21 नये सदस्य चुनकर आये हैं। वे पहली बार बजट सत्र में भाग ले रहे हैं। निर्वाचित सदस्य सदन की नियमों, परंपराओं और परिपाटियों का गहन अध्ययन करेंगे। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एक और दो मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

### बजट सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

- 25 फरवरी : प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव एवं वाद-विवाद।
- 26 फरवरी : बैठक नहीं होगी।
- 27 फरवरी : प्रश्नकाल, तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन, अभिभाषण पर वाद-विवाद और सरकार का उत्तर।
- 28 फरवरी: प्रश्नकाल, तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर वाद-विवाद मतदान, मतदान, विनियोग विधेयक।
- एक एवं दो मार्च : बैठक नहीं होगी।
- 3 मार्च : प्रश्नकाल, आय-व्यय (बजट) का उपस्थापन।
- 4 मार्च : बजट पर वाद-विवाद।
- 5 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर।
- 06-07 मार्च : प्रश्नकाल, बजट की अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान।
- आठ एवं नौ मार्च : बैठक नहीं होगी।
- 10-11 मार्च : प्रश्नकाल, बजट की अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान।
- 12-16 मार्च : बैठक नहीं होगी।
- 17-21 मार्च : प्रश्नकाल, बजट की अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान।
- 22-23 मार्च : बैठक नहीं होगी।
- 24 मार्च : प्रश्नकाल, बजट की अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान।
- 25-26 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य।
- 27 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य।

## जदयू ने किया झारखंड में संगठन विस्तार, नये पदाधिकारियों की नियुक्ति

रांची (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने संगठन को और मजबूत करने के लिए नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने इस संदर्भ में कई मनोनयन किये हैं।

### इन नेताओं को मिली नयी जिम्मेदारियां

- पीएन सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया
- उदय सिंह और आशीष शीतल मुंडा को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी।
- सोमेन दत्ता को प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया।
- सुशील कुमार को व्यापार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष सह प्रवक्ता बनाया गया।
- दिलीप पांडेय, मनोज सिंह और सुयश पांडेय को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी गयी।
- शिवानी दत्ता को महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### प्रदेश कार्य समिति का भी हुआ विस्तार

जदयू ने प्रदेश कार्य समिति का विस्तार करते हुए अभिषेक पांडेय, मीर अशरार, शिवशंकर मुंडा और नितेश ओझा को शामिल किया है। इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले का नया अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।
- **वृष** सामयिक कार्यों में सफलता, नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।
- **मिथुन** भौतिक सम्पन्नता, रूके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता,विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, परिवार में मांगलिक कार्य होगा।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।
- **वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा।
- **धनु** विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। निराशा दूर होगी।
- **मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख।
- **कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।
- **मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

## पेपर लीक सबसे बड़ा मुद्दा: जनार्दन पासवान



रांची। राज्य में एनडीए की ओर से लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि राज्य में पेपर लीक सबसे बड़ा मुद्दा है। इसके साथ-साथ खस्ताहाल विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, बालू जैसे मुद्दे हैं, ऐसे में विपक्ष सरकार को घेरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए जल्द अपना नेता चुन लेगा।


रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.—डी.एल.—अ.—18022025—261122
CG-DL-E-18022025-261122
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप—खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 831] नई दिल्ली, सोमवार, फरवरी 17, 2025/माघ 28, 1946
No. 831] NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 17, 2025/MAGHA 28, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 17 फरवरी, 2025

का.आ. 835(अ). —केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ 5309 तारीख 09.12.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के राँची जिले में NH-143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रांची) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख '20.12.2024' को 'आजाद सिपाही' और 'टाइम्स ऑफ इंडिया' दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3—ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के राँची जिले में NH-143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रांची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

1220 GI/2025

जिला : राँची
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 17/02/2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

फाइल नंबर : NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3a/3D2
अभय जैन, निदेशक

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन का गठन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुमो झुमरी तिलैया स्थित जिमखाना क्लब में चिकित्सकों की एक बैठक हुई। बैठक में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) का गठन डॉ सतीश मिश्रा के अध्यक्षता में की गयी। एनएमओ एलोपैथिक चिकित्सकों का एक राष्ट्र स्वास्थ्य सेवा संगठन है। इस मौके पर रांची से आए डॉ ओमप्रकाश ने एनएमओ विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संगठन मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों के लिए उनके द्वारा ही संचालित किया जाता है। उन्होंने छात्रों को जीवन भर सीखने की प्रक्रिया में जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ के पी सिन्हा ने एनएमओ के कार्य के बारे में जानकारी दी, जबकि डॉ सतीश मिश्रा ने अपने अंदाज में एनएमओ में अपने किये गये यादगार पल के विषय में जानकारी साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत आगंतुकों के द्वारा भारत माता, भगवान धन्वंतरि और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात आगंतुकों का स्वागत श्रीफल दे कर किया गया। मंच संचालन और आगंतुकों का परीचय डॉ सुजीत कुमार राय के द्वारा किया गया। इसके उपरांत नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें डॉ आर के दीपक अध्यक्ष और डॉ प्रमोद कुमार वर्णवाल सचिव बनाये गये। जबकि कोषाध्यक्ष डॉ संदेश कुमार गुप्ता बनाये गये। इसके अलावा कार्यकारणी का चुनाव अगले बैठक में तय होगी। बैठक में डॉ राजन, डॉ रचना गुप्ता, डॉ रंजीत कुमार, डॉ मनीकांत गुप्ता, डॉ सागरमणी, डॉ राजिवकांत पांडेय, डॉ मनोज कुमार, डॉ नीरज कुमार, डॉ आशीष चंद्र, डॉ पुनम, डॉ अनुराग, डॉ नम्रता, डॉ रुपेश पंडित, डॉ सिमा, डॉ रुपा कुमारी सहित अन्य चिकित्सक गण उपस्थित थे।

## कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की ओर से 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन विष्णुगढ़ प्रखंड में किया गया। जिसका मॉनिटरिंग डीएलएसए सचिव गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में विष्णुगढ़ थाना के पीएलवी विजय कुमार साव के द्वारा लोगों बाल विवाह, घरेलू हिंसा, डायन भूत प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान इत्यादि से संबंधित जानकारी दिया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि घर बैठे 15100 नंबर पर डायल कर कानूनी सहायता से सम्बंधित जानकारी नि:शुल्क प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा 1930 नंबर पर डायल कर सायबर क्राइम से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सके जैसे साइबर ठगी होने पर 1930 पर डायल कर अपना खाता बंद करवा सकते है। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। साथ ही लोगों को यह भी जानकारी दिया गया कि डीएलएसए एक ऐसी जगह है जहां त्वरित और नि:शुल्क कार्य किया जाता है, जहां से प्रत्येक दिन दोनों पक्षों मे समन्वय बनाते हुए विवाद को समाप्त किया जा रहा है, और आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध करवाया जाता है। समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत और मासिक लोक अदालत का आयोजन कर दोनों पक्षों के सहमति और लोक अदालत का लाभ देते हुए मुकदमे को समाप्त किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

## किसान सम्मान समारोह का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र कोडरमा के प्रांगण में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉक्टर अजय कुमार राय और संचालन वैज्ञानिक चांचीला कुमारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला और बाल विकास मंत्री सांसद और पूर्ण देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया। मौके पर महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र में हजारीबाग से 42 पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य, रामगढ़ से 24 पैक्स अध्यक्ष और सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं उत्कृष्ट किसानों को कृषि यंत्र दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त का हस्तानांतरण किया। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास के तहत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी किसानों, महिलाओं और युवाओं के विकास के लिए एक से बढ़कर एक कार्य किया प्रधानमंत्री मोदी भारत ही नहीं विश्व के सर्वमान्य नेता हैं। कोडरमा जिले के किसान कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लेकर महिलाएं के साथ-साथ पुरुष भी नये-नये तरीके से कृषि कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बर्णवाल, प्रमुख अंजू देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, डॉ भूपेंद्र सिंह, रूपेश रंजन, देव रूप घोष, नूपुर चौधरी, मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, बीटीएम ओमप्रकाश गुप्ता, उप मुखिया हाशिम खान, मुरलीधर यादव, राम प्रसाद यादव, पंकज मोदी, विनोद साव, रामचंद्र महतो, राजकुमार सिंह सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## गुलाब सिंह की मनी 9वीं पुण्यतिथि



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जयनगर प्रखंड के ग्राम करियावा निवासी समाजसेवी स्व गुलाब सिंह जी का 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। श्रद्धांजलि सभा उनके पुत्र अभय सिंह के आवास पर आयोजित की गयी। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव पहुंचे और उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान परिजन सहित समाजसेवी, प्रबुद्धजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना की। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी, तमाय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुनेश्वर यादव, तिरवेनी यादव, दिनेश चौधरी, चंदन किशोर पाण्डेय, ईश्वर यादव, सुरेंद्र यादव, अरबिंद यादव, परमानंद गिरी, मुरली सिंह, बबलू राणा, मनोहर राणा, कृष्णा यादव सहित स्थानीय लोग शामिल थे।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा और हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए प्रतिमा भ्रमण संपन्न

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को विश्वकल्याणर्थ एकादश दिवसीय श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा और संकट मोचन हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का इंदरवा पंचायत गांव सलईडीह में महायज्ञ को लेकर सोमवार को श्री हनुमान चालीसा जी की मूर्ति जयपुर से कोडरमा ध्वजाधारी आश्रम में लाया गया। वहीं मुख्य रुप से श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के नेतृत्व में सलईडीह ग्राम और पूरे इंदरवा पंचायत के सभी श्रद्धालु जय श्री राम नारे के साथ थिरकते हुए कोडरमा ध्वजाधारी से पैदल चलकर श्री संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति को बड़ी हर्षोल्लास के साथ ग्राम सलईडीह नवनिर्मित मंदिर में सहज पूर्वक रखा गया। ज्ञात हो कि इसको लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसके तहत यज्ञ का कार्यक्रम 1 मार्च से 11 मार्च 2025 तक आयोजन होने जा रहा है।

### कांग्रेस प्रभारी पहुंचे हजारीबाग, कांग्रेसियों ने किया स्वागत

# एक वर्ष तक हम जय संविधान अभियान चलायेंगे : के राजू

**संगठन मजबूत करते हुए चुनाव के दौरान किए वादे को भी पूरा करना है: केशव महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू कृष्ण बल्लभ आश्रम में कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात की। इनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी उपस्थित थे। कांग्रेस कार्यालय में भव्य स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ, माला और आदिवासी तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान हजारीबाग, रामगढ़, चतरा के कांग्रेस नेता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा की मैं पार्टी को चलाने नहीं सेवा करने आया हूं। मैं कार्यकर्ता के प्रति जवाबदेह रहूंगा। कोई भी कार्यकर्ता मुझसे मिलकर सवाल कर सकता है। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूती के लिए पांच बहुमूल सुझाव दिये। इन्होंने कहा कि पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को भी मजबूत करना और उनका अधिकार देना आवश्यक है। पार्टी के निर्णय में भी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को सम्मिलित करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश के संविधान की रक्षा कर सकती है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिला सकती है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 वर्ष तक हम जय संविधान कैंपेन चलायेंगे। हम झारखंड के लोगों को सरकार की ओर से अच्छा शासन देंगे, ताकि सभी को उनका अधिकार मिल सके और संगठन के माध्यम से सभी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का काम करेंगे। हम झारखंड से लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत नेताओं को आगे बढ़ने का भी काम करेंगे। इन्होंने बताया की कांग्रेस के चारों मंत्री को प्रमंडल वार जिम्मेदारी और कांग्रेस के हर एक विधायक को दो जिला की जिम्मेदारी दी जायेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा के झारखंड के प्रभारी के राजू के झारखंड आने से पार्टी और सरकार दोनों को मार्गदर्शन मिलेगा। एक ओर उनका प्रशासनिक अनुभव और दूसरी और लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव से पार्टी को ऊर्जा और गति मिलेगी। हमें संगठन को मजबूत करना है और चुनाव के दौरान जनता से किये वादे को भी पूरा करना है। अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव जबकि संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान और कोडरमा जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, पूर्व मंत्री के.एन.त्रिपाठी, बादल पत्रलेख, योगेन्द्र साव, पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, प्रदेश से आए शहजादा अनवर, सतीश पाल मुजंनी, शांतनु मिश्रा, रियाजउद्दिन अंसारी, भीम कुमार, बिनोद कुशवाहा, बलजीत सिंह बेदी, मंजुर अंसारी, केदार पासवान, मुन्ना सिंह, अरूण साहू, डॉ आरसी मेहता, मनोज सहाय पिंकू, अवधेश कुमार सिंह, बजरंग महतो, संजय गुप्ता महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अलावा चारो जिला के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त प्रदेश प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसजन जिला के पदाधिकारीगण और सभी प्रकोष्ठ और सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीरंदाजी में जिज्ञासु रंजन करेगा झारखंड का प्रतिनिधित्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव निवासी शिक्षक देवेंद्र कुमार का पुत्र जिज्ञासु रंजन का चयन तीरंदाजी क्षेत्र में नेशनल गेम के लिए किया गया है। जिज्ञासु रंजन आंध्र प्रदेश के गुंटुर में होने वाले 14वीं मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। आंध्र प्रदेश में 20 मार्च से लेकर 30 मार्च तक तीरंदाजी प्रतियोगिता खेल होगा। तीरंदाजी के क्षेत्र में नेशनल गेम में जिज्ञासा रंजन का चयन होने से हजारीबाग जिला ही नहीं पूरे झारखंड राज्य का गौरव बढ़ा है। जिससे बडकागांव के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। जिज्ञासु रंजन के पिता देवेंद्र कुमार ने बताया कि झारखंड तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 14 वीं मिनी नेशनल चयन प्रतियोगिता का आयोजन जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 23 फरवरी को संपन्न हुआ था, इसमें इंडियन राउंड (बालक वर्ग) में बड़कागांव तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, बड़कागांव (गोविंदडीह)के निवासी जिज्ञाषु रंजन 30 मीटर में 720 में 686 स्कोर अर्जित कर चयनित हुआ। शिक्षक देवेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि जिज्ञासु रंजन तीरंदाजी का प्रशिक्षण बड़कागांव के बालिका उच्च विद्यालय के खेल मैदान में कोच अमित कुमार सिंह और दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में ले रहा है। जिज्ञासु रंजन अभी बड़कागांव के आइलेक्स पब्लिक स्कूल में नवी वर्ग का छात्र है। बड़कागांव तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में 2 वर्ष से प्रशिक्षण ले रहा है। नेशनल गेम में प्रतिनिधित्व करने के लिए झारखंड टीम में चयन होने पर विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग जिला के तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार, सचिव मनोज कुमार, आइलेक्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य दीपक कुमार, प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी ने बधाई दी है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिहास में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप मुखिया अश्विनी कुमार ने की। बैठक में सर्वप्रथम पर्यवेक्षक के द्वारा नियमावली पढ़ कर सुनाया गया जिसके बाद सर्व सम्मति से बारह सदस्यों का चयन किया। बारह सदस्यों के चयन उपरांत कमिटी के सदस्यों के द्वारा नवीन कुमार को अध्यक्ष चुना गया जबकि सोनू कुमार को उपाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। वहीं सरस्वती वाहिनी माता समिति में सुलेखा कुमारी को संयोजिका के रूप में चयन किया गया। पुनर्गठन की प्रक्रिया पर्यवेक्षक राजेंद्र प्रसाद सीआरपी व पंचायत सचिव अंशुमन कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी विष्णु प्रसाद यादव, शिक्षक संजय दीक्षित, ग्रामीण पवन कुमार, रामजी कुमार, सीता देवी, आरती देवी के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मुआवजा की मांग, 28 घंटे जाम रही सड़क

**मृतक के परिजन को मिलेगा साढ़े 4 लाख रुपया एक नौकरी व बीमा की राशि**

**पूर्व विधायक में अंबा प्रसाद ने मुआवजा दिलाने के लिए प्रयासरत रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** पकवा नाला के पास रविवार को हुई सड़क बाइक दुर्घटना में हुई शिव शक्ति कंपनी के वर्कर 42 वर्षीय उपरेली डाड़ी निवासी बीगन महतो के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर तकरीबन 28 घंटा सड़क जाम रखा। इस दौरान सड़क जाम को हटाने के लिए कई दौर की वार्ता हुई, परंतु बार-बार विफल होता गया। अंततः कंपनी प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि प्रबुद्ध जनों के प्रयास से कंपनी के द्वारा आश्वासन देने के पश्चात सड़क जाम को हटाया गया। बताया जाता है कि कंपनी के द्वारा साढ़े 4 लाख, एक नौकरी दी जायेगी वहीं बीमा राशि भी मृतक के परिजन को दी जायेगी। सड़क जाम रहने के कारण ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिसमें सबसे अधिक परीक्षार्थियों को मुसीबत झेलना पड़ा। तकरीबन 2 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी सड़क जाम देखी गयी। सड़क जाम हटते ही पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मुआवजा दिलाने के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कंपनी के अधिकारियों के साथ लंबी वार्ता कर समाधान कराने का प्रयास किया। वार्ता में बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी, नेमधारी रजक, डाड़ी कला थाना प्रभारी पिंटू कुमार, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, बालेश्वर कुमार, सोनू इराकी, मोहम्मद इब्राहिम, विकास कुमार के अलावा कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## डूमर गांव में कुआं से महिला का शव बरामद

**मृतक के परिजनों ने दहेज को लेकर हत्या का लगाया आरोप, थाना में दिया आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू।** हजारीबाग मुफ्फसील थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटियारों पंचायत के डूमर गांव में रविवार की रात एक कुआं से महिला का शव मिला। इसकी सूचना पाते ही मुफ्फसील थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। शव की पहचान रिंकी देवी पति ऋतिक राणा के रूप में हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के पिता बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपूरा निवासी गोविंद राणा ने मुफ्फसील थाना में अपनी बेटी को दहेज के लालच में हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि मैं अपनी बेटी रिंकी का विवाह 2018 में हिन्दू रीति रिवाज से डूमर निवासी भुनेश्वर राणा के पुत्र ऋतिक राणा के साथ किया था। विवाह के बाद से ही ऋतिक राणा और उसके परिवार वालों ने दहेज को लेकर प्रताड़ना देने लगे थे। साथ ही उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि मेरी बेटी रिंकी देवी यज्ञ में शामिल होने के लिए मेरे घर अपने बच्चों के साथ आयी थी। इसी बीच ऋतिक राणा जो बाहर काम करता था हजारीबाग पहुंचा और मेरी बेटी को बोला कि बच्चों को गोंदलपूरा में छोड़कर घर आ जाओ। अपने पति के कहने पर मेरी बेटी ससुराल चली गयी। जहां ऋतिक राणा, बसंत राणा पिता भुनेश्वर राणा, महेन्द्री देवी, कंचन देवी, तुलेश्वरी देवी और पूर्णिमा देवी ने षड्यंत्र कर मेरी बेटी को कुआं डाल कर हत्या कर दिया। इसकी भनक जब मुफ्फसील पुलिस को मिली तो शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दिया। मेरी बेटी की मृत होने की सूचना मुझे नहीं दी गयी। मेरी बेटी के शव को गांव वालों ने कुआं से बाहर निकला और घटना की मुझे जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही जब हमलोग सदरअस्पताल पहुंचे जहां मेरी बेटी की शव रखा हुआ था। परिजनों ने पोस्टमार्टम को रोकवायाः मुफ्फसील थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि परिजनों ने कुछ देर पोस्टमार्टम के लिए रोकवाय था। पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतिका के पति अंतिम संस्कार के लिए ले गये। रिंकी देवी के पति के द्वारा दी गयी आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कोडरमा में महाशिवरात्रि महोत्सव पर होंगे कई कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में स्थित ध्वजाधारी धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। किंवदंती के अनुसार त्रेता युग में ध्वजाधारी पहाड़ पर सृष्टि रचयिता ब्रह्मा जी के पुत्र कर्दम ऋषि के द्वारा ध्वजाधारी पहाड़ पर की गयी तपस्या के कारण इस जगह का नाम कोडरमा पड़ा और यहां के लोग आज भी मेहनत और तपस्या से नित्य नये कीर्तिमान बना रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम जहां भक्तगण ध्वजाधारी पहाड़ पर 777 सीढ़ियां चढ़कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। वैसे यूं तो यहां सालों भर शिव भक्त जलाभिषेक करने पहुंचते हैं, लेकिन महाशिवरात्रि में कोडरमा जिले के पड़ोसी बिहार राज्य समेत कई आसपास के कई जिलों से शिवभक्त काफी तादाद में ध्वजाधारी धाम पहुंचते हैं। ध्वजाधारी धाम के महंत महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि 26 फरवरी मेला का उदघाटन और शाम 6 बजे से अखंड हरी कीर्तन शुरू होगा जो 27 फरवरी 24 घंटा के बाद भंडारा कर समाप्त होगा। वहीं 26 फरवरी के रात 9 से जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा जिसके बाद प्रसाद का वितरण होगा।

## शहीद परिवार से मिले अंचलाधिकारी मयंक भूषण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के माता-पिता के साथ सैनिक भूमि बंदोबस्ती के संबंध में उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सदर अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने मिलकर विचार विमर्श किया। शहीद के परिवार को शहरी आवासीय क्षेत्र में जमीन देना है, इसको लेकर शहीद के परिवार से विचार विमर्श किया गया कि किश क्षेत्र में जमीन देने से सहूलियत होगी। जल्द ही शहिद कैप्टन करमजीत सिंह के माता पिता को आवासीय जमीन मुहैया कराया जायेगा।

## नल-जल योजना फेल, जांच की मांग



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार के महात्वाकांक्षी योजना नल जल योजना पुरी तरह फेल होते दिख रहा है लेकिन ठेकेदार की बल्ले-बल्ले हो गयी है। जल नल योजना बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में ठेकेदारों के द्वारा निर्माण कार्य किया गया। यह योजना झारखंड सरकार के साइट पर कंप्लीटली दिखायी जा रही है जबकि सच बिल्कुल उल्टा है। प्रखंड क्षेत्र के किसी भी पंचायत में यह योजना पुरा नही हुआ है। तुइयों पंचायत में दर्जनों जगहों पर पानी का टावर बना दिया गया है लेकिन उस टावर पर आज तक पानी का टंकी नहीं चढ़ाया गया है। सिर्फ विभागीय अधिकारियों से मिलकर सारे पैसे का बंदरबांट कर लिया गया। इस बाबत उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो ने कहा कि यह जल नल के ठिकेदार मनमाने ढंग से काम किया। कहीं पर लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। सारा पैसा विभाग के लोगों के द्वारा बंदरबांट कर लिया गया है। उन्होंने उपायुक्त हजारीबाग से उच्च स्तरीय जांच करने की मांग किया।

## थाना प्रभारी ने बैंक और एटीएम का किया निरीक्षण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशानुसार थाना प्रभारी टाटीझरिया सरोज सिंह चौधरी ने सोमवार को टाटीझरिया स्थित बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बैंक और एटीएम में सुरक्षा इंतजाम का निरीक्षण किया। इस दौरान एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्ड आदि विषयों को लेकर चर्चा की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना प्रभारी ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया दोनों बैंकों के एटीएम का अलार्म काम नहीं कर रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एटीएम की स्थिति बेहद चिंताजनक है। एटीएम में गार्ड भी नियुक्त नहीं है। एक बैंक कर्मी ही है जो एटीएम का शटर खोलने और बंद करने का काम करता है। एटीएम के कैमरे का वायरिंग फटेहाल स्थिति में है। एटीएम मशीन का स्ट्रक्चर भी जर्जर स्थिति में है। थाना प्रभारी ने एटीएम एजेंसी संचालक को सख्त हिदायत देते हुए एटीएम को दुरूस्त करने के बाद चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक कर्मचारियों से कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें और पुलिस से संपर्क करने में बिल्कुल भी संकोच न करें। उन्होंने उनसे सुरक्षा मानकों का आवश्यक रूप से पालन सुनिश्चित करने को कहा। बता दें कि बीते 14 फरवरी की रात टाटीझरिया के झरपो स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के शटर को कटर मशीन से काटकर चोरी करने का प्रयास किया गया था। इससे पूर्व टाटीझरिया एसबीआई एटीएम को काटकर चोरी की घटना हो चुकी है।

## मानव विकास संस्था ने दिया किसानों को प्रशिक्षण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मानव विकास संस्था के तत्वावधान में ग्राम चामुदोहर स्थित कृषक गुरुकुल में दो दिवसीय प्रशिक्षण ड्रिप सिंचाई (टपक विधि) और मलचिंग सिस्टम का आयोजन किया गया। इस निमित कृषि विशेषज्ञ राहुल कुमार ने सभी प्रतिभागियों को ड्रिप सिंचाई और मलचिंग सिस्टम निर्माण के लिए जानकारी दी। इन्होंने बताया कि ड्रिप सिंचाई या 'ड्रिप इर्रिगेशन', सिंचाई की एक विशेष विधि है जिसमें पानी और खाद की बचत होती है। इस विधि में पानी को पौधों की जड़ों पर बूंद-बूंद करके टपकाया जाता है। इस कार्य के लिए वाल्व, पाइप, नलियों और एमिटर का नेटवर्क लगाना पड़ता है। इसे 'टपक सिंचाई' या 'बूंद-बूंद सिंचाई' भी कहते हैं। इन्होंने प्रैक्टिकल के माध्यम से सारे विधियों को एक एक करके बताया। इन्होंने सभी को ये भी बताया कि अगर कोई किसान ड्रिप सिंचाई या मलचिंग सिस्टम को लगवाना चाहते है तो सरकार के सहयोग से 90 प्रतिशत सब्सिडी के साथ कोई भी महिला या पुरुष किसान लगा सकते है। इन्होंने ड्रिप सिंचाई लगाने के लिए कुछ शर्ते रखी है जैसे किसान का उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए और उनके पास जमीन का क्षेत्र कम से कम 15 कट्ठा हो और ड्रिप सिंचाई के लिए पानी का कोई स्रोत जैसे नदी, तालाब, कुआं आदि हो और साथ ही पानी पहुंचाने के लिए मोटर पंप भी होनी चाहिए। इन्होंने रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ दस्तावेज मांगी जिसमें किसान का आधार, जमीन का रशीद और 2 फोटो चाहिए। इन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बहुत सारे किसानों का ड्रिप सिंचाई के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थाकर्मी रॉबिन कुमार, राहुल कुमार, मारियादास बास्के, कार्तिक महतो, अंजू और अन्य लोग शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## चतरा में पंचायत सेवक और स्वयंसेवक ने मुखिया पति को पीटा



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गेंजना पंचायत के मुखिया चिंता देवी के पति प्रभु भुइयां के साथ रविवार की देर शाम मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मुखिया ने मारपीट का आरोप अपने पंचायत के पंचायत सेवक दीपक टोपनो, स्वयंसेवक अमरजीत कुमार और पुरुषोत्तम पासवान पर लगाया है। मुखिया चिंता देवी ने बताया कि पंचायत के लोगों से उन्हें फोन पर शिकायत मिली कि पंचायत के पंचायत सेवक दीपक टोपनो स्वयंसेवक अमरजीत कुमार और पुरुषोत्तम पासवान के सा, थ मिलकर अबुआ आवास योजना के लाभुकों से / वसूली कर रहे हैं। शिकायत के पुष्टि के लिए मुखिया चिंता देवी ने अपने पति प्रभु भुइया को गेंजना गांव के भोक्ताडीह टोला में भेजी। प्रभु भुइया जब वहां पहुंचे तो मुखिया को मिली शिकायत को सही पाया। जब मुखिया पति अवैध वसूली का विरोध किया तो जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए स्वयंसेवक अमरजीत कुमार और पंचायत सेवक दीपक टोपनो अपने सहयोगी पुरुषोत्तम पासवान के साथ मिलकर मारपीट किया। मुखिया पति प्रभु भुइयां ने बताया कि तीनो उनके साथ मारपीट करने के बाद उन्हें जबरन उठाकर जंगल की ओर ले जा रहे थे। इसी बीच आसपास के लोगों को आते देख पंचायत सेवक और दोनों स्वयंसेवक फरार हो गये। मुखिया का आरोप है कि रविवार को छुट्टी के दिन होने के बावजूद पंचायत सेवक अवैध वसूली के लिए पंचायत में घूम रहा था, ।जिसका विरोध करने पर उनके पति के साथ मारपीट किया गया। वहीं दूसरी ओर पंचायत सेवक और स्वयं सेवक ने मुखिया पति और उनके सहयोगियों पर मारपीट करने और अवैध वसूली के आरोप को निराधार बताया है। दोनों ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अखिल भुइयां समाज ने मां शबरी की पूजा की



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित नागलोक मैदान में सोमवार को अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति द्वारा समारोह आयोजित कर मां शबरी पूजा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह का संचालन भुइयां समाज के जिला उपाध्यक्ष दिनेश भारती ने किया। इस समारोह की मुख्य अतिथि प्रतापपुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कपिल पासवान, कुंदा प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती और विशिष्ट अतिथि मोनिया पंचायत के मुखिया अमरेश सिंह, बरूरा पंचायत के मुखिया मनीष सिंह, मोती पासवान, जोगियारा पंचायत के मुखिया आशीष भारती, सुरेन्द्र भारती, राजन गुप्ता, उमेश भुईयां, रामदयाल भारती उपस्थित थे। मौके पर उमेश भारती के द्वारा मुख्य और विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ माता शबरी, तुलसी वीर और दशरथ मांझी के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य और विशिष्ट अतिथि ने माता शबरी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की माता शबरी भगवान राम की परम भक्त थी। ये भील समाज की राजकुमारी थी। इनका उल्लेख रामायण कथा में प्रबुद्ध नारी के रूप में किया गया है भुईयां समाज को उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, ताकी समाज का विकास हो सके। वहीं अध्यक्ष कर रहे जिला अध्यक्ष उमेश भारती ने कहा की भुईयां समाज माता शबरी और तुलसी वीर के वंशज है माता शबरी की पूजा के माध्यम से भुइयां समाज को जागरूक किया जा रहा है। समाज के भटके हुए लोगो को एक सूत्र में जोड़ा जायेगा। समाज को नशा मुक्त बनाना है। सरकार से माता शबरी पूजा पर सरकारी अवकाश घोषना करने की मांग की जायेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक नरेश भारती, उपेन्द्र भारती, प्रदीप पासवान, चमेली देवी, चंदन भारती, शिवरतन यादव, प्रमोद भाई, मुरारी भारती, राजेश भारती, राम किशुन भारती, योगेन्द्र भारती, शंकर भारती, रामजी भुईया समेत अन्य लोग शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद जिला समिति का हुआ विस्तार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी धर्मशाला गोला रोड़ रामगढ़ में शनिवार से चल रहे विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के तीन दिवसीय प्रांत कार्य समिति की बैठक का समापन सोमवार हुआ। बैठक में झारखंड प्रांत के सभी जिलों, विभागों, झारखंड प्रांत और क्षेत्रीय के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंतिम दिन झारखंड प्रांत के सभी जिलों, विभागों और प्रांत समिति का विस्तार करते हुए नवीन घोषणाएं की गयी। इस दौरान रामगढ़ जिला समिति का भी विस्तार किया गया। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने रामगढ़ जिला समिति का विस्तार किया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल, जिला मातृशक्ति सत्संग प्रमुख विभा देवी, दुर्गा वाहिनी रामगढ़ जिला सह संयोजिका प्रियंका कुमारी, दुर्गा वाहिनी जिला शक्ति साधना केंद्र प्रमुख अंजलि कुमारी और जिला प्रचार प्रसार प्रमुख दानिश पटेल को नवीन दायित्व सौंपा गया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने सभी को ओम का उच्चारण करवा कर अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प करवाया। इस अवसर पर जिला मंत्री छोटू वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार, जिला मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, बजरंग दल गौरक्षा प्रमुख आशिष शर्मा, बजरंग दल प्रखंड संयोजक राम करमाली, विश्व हिंदू परिषद से मंत्री शिवा प्रजापति, अभाविप के पूर्व प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो, बजरंग दल के पूर्व संयोजक राजेश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गायत्री माता की आरती के साथ महायज्ञ का समापन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जामु पंचायत स्थित नवनिर्मित गायत्री माता मंदिर में 20 फरवरी से चल रहे चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री माता महायज्ञ का समापन सोमवार को गायत्री माता की आरती के साथ पूर्णाहुति हो गया। पूर्णाहुति के मौके पर पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यज्ञ मंडप पहुंचकर विश्व कल्याण व गायत्री माता की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका। इस दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यज्ञ से जहां एक ओर वातावरण शुद्ध होता है, वहीं सामाजिकता औरआपसी सौहार्द भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह यज्ञ करने के पूर्व यज्ञस्थल को शुद्ध किया जाता है उसी तरह मन के मंदिर को भी शुद्ध करें और अपने मन के विकारों को भी आहुति दें। वहीं उपस्थित बरकट्ठा विधायक अमीत यादव ने कहा कि गायत्री परिवार के द्वार किया गया यज्ञ बहुत अच्छे ढंग से किया जाता है। गायत्री मंत्र का जाप सभी को करना चाहिए गायत्री परिवार के द्वारा धर्म की ध्वजा को आगे बढाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मुखिया नीता कुमारी, केदार यादव, पूर्व प्रमुख मरकच्चो सावित्री देवी, पूर्व प्रमुख जयनन्दन जयप्रकाश राम, कैलाश यादव, सांसद प्रतिनिधि शम्भु सिंह, प्रयाग महतो, अनेश्वर सिंह, जयप्रकाश नारायण, परमानन्दन साव, बीरेंद्र राणा, पंकज साव, जीवधन साव, मुकेश ठाकुर, मुकेश राम, शिवशंकर प्रसाद, प्रकाश साव, रवींद्र गुप्ता, सुनील राणा, रामलाल यादव समेत गायत्री यज्ञ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### लड़की भगाने के मामले ने पकड़ा तूल, माहौल गरमाया

# चितरपुर में निकला मशाल जुलूस, चक्का जाम आज

**राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया**

**पुलिस-प्रशासन और रामगढ़ विधायक के खिलाफ जम कर हुई नारेबाजी**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** चितरपुर मे पिछले 10 दिन पूर्व एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा एक हिंदू समुदाय के लड़की को लेकर भगाने व लव जिहाद का मामला अब तक और गंभीर समस्या बनते जा रहा है बताया गया कि सोमवार को देर शाम हिंदू समुदाय के द्वारा सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी व्यक्त किया है इस बाबत 24 फरवरी को चितरपुर के रजरप्पा मोड़ से लेकर बाजार टांड रेलवे ब्रिज तक हजारों महिला पुरुष द्वारा विशाल मसाल जुलूस कर आक्रोश रैली निकाली गयी, मसाल जुलूस चितरपुर मोड़ से लेकर के मैंन रोड होते हुए रेलवे ब्रिज तक पहुंचा, सभी लोग हाथों में जलता हुआ मसाल सरकार के खिलाफ नारे तख्ती लिए युवक युवती को प्रशासन से शीघ्र लाने की मांग कर रहे थे, लगभग 2 सप्ताह बीत जाने के बाद प्रशासन की लापरवाही को देखते हुए मसाल जुलूस का आयोजन किया गया राज्य सरकार और प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये गये रामगढ़ विधायक के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाये गये मसाल जुलूस के माध्यम से कहां गया की लव जिहाद का मामला को स्थानीय प्रशासन द्वारा युवक को पकड़ने में असमर्थ है और प्रशासन की ओर से लापरवाही करने का आरोप लगाया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ के पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने प्रशासन से मांग किया है कि अगर यदि इस तरह की घटना से हिंदू समुदाय को काफी आघात पहुंचा है। यहां की प्रशासन मौन छुपी बैठी हुई है इसे साबित होता है कि प्रशासन जानबूझकर आरोपी अभियुक्त को नहीं पकड़ना चाहती है और उल्टे में युवती के घरवालों को डराने धमकाने का काम कर रही है स्थानीय प्रशासन जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मसाल जुलूस समाप्ति के दौरान उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिलंब दोनों को ढूंढ कर चितरपुर लावे वरना आगे और रणनीति तेज की जायेगी और राज्य स्तर पर आंदोलन किया जायेगा मसाल जुलूस शांति पूर्वक ढंग से किया गया।

### मामले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी तक जारी रहेगा आंदोलन

**25 फरवरी को चितरपुर बंद रहेगा, चितरपुर में हुए लव जिहाद का मामला और ही बहुत अधिक तूल पकड़ते हुए जा रहा है जब तक प्रशासन आरोपी को पकड़ कर मुख्य आरोपी को नहीं लाती है तब तक स्थानीय लोग काफी आक्रोश मे हैं और आगे तेज आंदोलन की रणनीति बनायी जा रही है, इस मौके पर समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, सुनील यादव, लाल बिहारी महतो चंद्रशेखर महतो, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान, चंद्रशेखर पटवा, रोशन कुमार महतो मुखिया भानु प्रकाश महतो, राजेंद्र महतो सरिता देवी देवी, मुखिया रेखा देवी, दूशील देवी, दिवाकर नायक अशोक बेदिया सहित भारी संख्या में हजारों महिला पुरुष हाथों में जलता हुआ मशाल लेकर शामिल थे।**

# बरकाकाना में सीसीएल अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

**प्रतियोगिता में तेरह एरिया के सैकड़ों खिलाड़ी दिखायेंगे अपना जलवा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकाकाना।** नया नगर बरकाकाना स्थित सामुदायिक भवन में सीसीएल अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची हेडक्वार्टर से स्पोर्ट्स मैनेजर आदिल हुसैन उपस्थित रहे। समारोह का संचालन रणविजय विश्वकर्मा ने किया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने सीसीएल ध्वज फहरा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तदोपरांत मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले की शुरुआत की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में नेशनल रेफरी आलोक सिंह, स्टेट रेफरी आकाश कुमार और ऋषि कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के सीसीएल कर्मी सह बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेले और अपने बेहतर प्रदर्शन से क्षेत्र व कंपनी का मान सम्मान बढ़ाने में अपना अहम योगदान दे। आयोजक मंडली के पदाधिकारी गंगेश्वर मिश्रा उर्फ मुन्नू जी ने बताया कि यह प्रतियोगिता चौबीस फरवरी से अठाईस फरवरी तक आयोजित की जायेगी, जिसमें तेरह एरिया के सैंकड़ों खिलाड़ी शामिल होंगे। मौके पर एरिया फाइनेंस मैनेजर एस सफीक, आलोक मनीष सोई, विक्की कुमार, प्रदीप कुमार, शशि पंकज, निखिल कुमार, रंजीत सिंह, उमेश कुमार, राजेश झा, मनोज बारा, राम शब्द राम, सतपाल वोहरा, रतन कुमार, सुशील कुमार, शक्ति शरण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार मनोज पांडेय का निधन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच प्रखंड के पत्रकार और डोमचांच निवासी मनोज पांडेय का सोमवार की सुबह निधन हो गया। इनके निधन से क्षेत्र मे शोक है। जानकारी के अनुसार पत्रकार मनोज पांडेय पिछले कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। मनोज पाण्डेय का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा था। अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। इधर दाह संस्कार कुदरा नदी के समीप किया गया। उनके असामयिक निधन पर कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप सदस्य शांति प्रिया, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, भाजपा नेता महेंद्र वर्मा, राजेश राज, मुखिया पप्पू यादव, भाजपा नेता प्रेमांशु कुमार, राजद नेता प्रदीप यादव, बसंत मेहता, वीरेंद्र कराटे, गणेश दास, प्रवेज खान के अलावा पत्रकारों में संजीव समीर, सतीश कुमार, गौतम राणा, बिनोद विश्वकर्मा, अमित कुमार, दीपक, संजय साजन, सत्येंद्र गौतम महादेव कुमार दास, अंकु गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी, रंजीत बनर्जी, राजेश मेहता, सुनील कुमार, अमित कुमार, बिपिन सिंह, भालचंद्र पांडेय, संदीप कुमार, राजकुमार यादव, रंजन सिंह, सुब्रत मुखर्जी, मो जावेद, मनीष वर्णवाल, कन्हैया आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# रामगढ़ में सोलर पंप की सहायता से लहलहायेंगे किसानों के खेत

**प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत रामगढ़ जिले में लगाए जा रहे 1200 सोलर पंप**

**मगनपुर, चोकाद और सिकनी पंचायत में डीडीसी और आत्मा निर्देशक ने किया निरीक्षण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में अकूत खनिज संपदा के बारे में तो पूरा देश जानता है। लेकिन यहां की कृषि भी अब बिहार और उत्तर प्रदेश की तरह समृद्ध होती जा रही है। जहां पहले किसान पानी के अभाव में बेहतर खेती नहीं कर पा रहे थे, अब पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लगाकर खेतों में फसल पैदा कर रहे हैं। ना तो बिजली का झंझट, ना ही डीजल से होने वाला प्रदूषण। सौर ऊर्जा से चलने वाला यह पंप उनके खेतों को सतत पटवन उपलब्ध करा रहा है। पंप से खेती कर रहे हजारों किसानों के चेहरे पर उभरी मुस्कान अधिकारियों को भी सुकून दे रही है। सोमवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो और जिला आत्मा परियोजना निदेशक पूरी टीम के साथ जब फील्ड विजिट पर निकले, तो किसानों के खिले चेहरे उनकी दशा में हुए सुधार की कहानी बयां कर रही थी।

### चोकाद में दिखी लहलहाती फसल

**गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत में कौशल कुमार महतो, रामकुमार महतो, अवधेश कुमार महतो, जतरु मुंडा, नवीन कुमार महतो, जयनंदन महतो, मनोरंजन महतो के खेतों में लहलहाती फसल देख अधिकारियों के चेहरे पर भी मुस्कान आ गयी। यह योजना किसानों की दशा बदलता हुआ दिखाई दे रहा था। अगर बाजार में फसलों का सही मूल्य नहीं मिलता है, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन अगर कृषि में लागत कम हो जाये तो किसानों का मुनाफा भी बढ़ जायेगा। सिकनी पंचायत में भी किसान खुश नजर आये।**

**मगनपुर, चोकाद और सिकनी पंचायत में किया गया निरीक्षण :** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत रामगढ़ जिले में 1200 सोलर पंप लगाये जा रहे हैं। डीडीसी रोबिन टोप्पो और आत्मा परियोजना निदेशक ने सोमवार को गोला प्रखंड के मगनपुर, चोकाद और दुलमी प्रखंड के सिकनी पंचायत का निरीक्षण किया। मगनपुर पंचायत में राजदेव करमाली, डब्लू करमाली, मोहित करमाली, केदार करमाली, दशरथ कुमार, प्रेमनाथ यादव, जयनंदन मुंडा, बसंती देवी, टेकलाल महतो और शंकर महतो के खेतों में लगे सोलर पंप का निरीक्षण अधिकारियों ने किया। यहां उन्होंने देखा कि किसान न सिर्फ अपने खेतों का पटवन कर रहे हैं, बल्कि गांव के अन्य किसानों के खेतों के लिए भी वे उसे पंप का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई एकड़ भूमि का पटवन बड़ी आसानी से एक मोटर पंप के जरिये हो रहा है।

**400 के टारगेट की जगह लगाया गया 1200 पंप :** डीडीसी रोबिन टोप्पो ने निरीक्षण के बाद बताया कि रामगढ़ जिले में 400 सोलर पंप लगाने का टारगेट रखा गया था। लेकिन किसानों के द्वारा किये गये आवेदन के आधार पर डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर 1200 पंप लगाये गये हैं। आवेदक ऑनलाइन अप्लाई करते हैं और कृषि विभाग इसे अप्रूव करता है। इसके बाद पंप लगाने वाली कंपनी सीधे लाभुकों द्वारा चिन्हित किये गये स्थान पर पहुंचती है और पंप लगाकर चली जाती है। रामगढ़ जिले में इस योजना को और बेहतर तरीके से करने के लिए ही निरीक्षण शुरू किया गया है।

### क्या है पीएम कुसुम योजना

**प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत, किसानों को सोलर पंप लगवाने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता दी जाती है। इस योजना में किसानों को टोकन मनी के साथ कुछ रकम देनी होती है। इस योजना के तहत, किसानों को मिलने वाले सोलर पंप की कीमत और अनुदान की रकम पहले से ही तय है। 3 एचपी एसी समर्सिबल पंप की कीमत 2,30,445 रुपये है और अनुदान 1,38,267 रुपये मिलेगा, 5 एचपी एसी समर्सिबल पंप की कीमत 3,27,498 रुपये है और अनुदान 1,96,499 रुपये मिलेगा, 7.5 एचपी एसी समर्सिबल पंप की कीमत 4,44,094 रुपये है और अनुदान 2,66,456 रुपये मिलेगा। 10 एचपी एसी समर्सिबल पंप की कीमत 5,57,620 रुपये है और अनुदान 2,66,456 रुपये मिलेगा।**

## मणिपाल स्कूल में क्विज प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मणिपाल स्कूल भरेचनगर में सीनियर विंग्स विद्यार्थियों का क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग चार से अष्टम वर्ग के विद्यार्थी पांच ग्रुप में शामिल होकर पांच राउंड में भाग लिया। प्रत्येक ग्रुप में दो प्रतिभागी रहे। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का और पास हेतु 5 अंक निर्धारित रहा। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स और क्लास पाठ्यक्रम से जुड़े प्रश्नों पर आधारित सवाल रहा। जिसमें वर्ग चार की नव्या मेहता और तनिष्का मैत्री को प्रथम, अराध्या सिन्हा और नंदिनी कुमारी को द्वितीय, वैभव झा और उर्विजा कुमारी को तृतीय, वहीं, वर्ग पांच का ध्रुव राज और सृष्टि चौहान को प्रथम, गौरी कुमारी और तहसीन रजा को द्वितीय, नैनाश्री और बिट्टू गिरी को तृतीय, इधर, वर्ग 6 का भारद्वाज और अनंत पाठक को प्रथम, रक्षित रमन और शांभवी राज को द्वितीय, वृद्धि आनंद और गौरव कुमार को तृतीय, जबकि वर्ग 7 को श्रृष्टि शर्मा और रागिनी कुमारी को प्रथम, अफसर रजा और पल्लवी कुमारी को द्वितीय, निकिता प्रसाद और सौम्या कुमारी को तृतीय, जबकि वर्ग अष्टम का अमन कुमार और आशी आफरीन को प्रथम, हर्ष कुमार और कोमल कुमारी को द्वितीय, सौम्या श्रीवास्तव और अंशु पंडित को तृतीय स्थान मिला। मौके पर निदेशक गया प्रसाद राय ने सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए मेडल और प्रमाण पत्र सौंपा। कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों को आत्मबल में मजबूती प्रदान होता है, साथ ही, ज्ञान में वृद्धि होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## सीसीएल खेलकूद प्रतियोगिता में बरका सयाल की टीम ने मारी बाजी




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** कुठागुंडम तेलंगाना में दो दिवसीय कोल इंडिया इंटर कंपनी खेलकूद प्रतियोगिता में सीसीएल की टीम ने 4 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक 8 कांस्य पदक के साथ पुरुष वर्ग में ओवरऑल उप विजेता और पूरे प्रतियोगियों में ओवरऑल उप विजेता का खिताब अपने नाम किया है। उरीमारी परियोजना के परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, खान प्रबंधक पी के सेनगुप्ता, कार्मिक प्रबंधक राजीव वर्मा, गणेश राम ने टीम को जीत पर बधाई दी है। मौके पर पीओ दिलीप कुमार ने कहा कि सीसीएल की टीम को तेलंगाना में जाकर जितना बहुत बड़ी बात है इस जीत में बरका सयाल का अहम योगदान रहा। टीम का हिस्सा रहे एरिया और उरीमारी परियोजना के कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हु जो कंपनी का का झंडा ऊंचा करने में अपना योगदान दिये है। साथ ही साथ टीम कोच मिस मेरी, टीम मैनेजर अजय कुमार भी धन्यवाद के पात्र है जो टीम की प्रतिभा निखारने में अपना अहम योगदान दिये है। कोल इंडिया स्तर पर सीसीएल का एक अलग पहचान बन चुके सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हु। बधाई देने वालों में उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, खान प्रबंधक पी के सेनगुप्ता, कार्मिक प्रबंधक राजीव वर्मा, गणेश राम आदि लोगों ने टिम को जीत की बधाई दी।

## 12 सूत्री मांगों को लेकर की गयी बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ सीसीएल पुंडी परियोजना शाखा सचिव ब्रह्मदेव राम द्वारा पीओ को दिये गये 12 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता के लिए प्रबंधन द्वारा बैठक आहूत की गयी। पीओ कार्यालय, पुंडी में हुई इस वार्ता में पीओ अभिमन्यु सिंह, कार्मिक प्रबंधक राबर्ट शांडिल्य सहित कई विभागों के कोयला अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वहीं, यूनियन की ओर से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एसके ओझा, क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, पुंडी शाखा सचिव ब्रह्मदेव राम मौजूद रहे। बैठक में प्रबंधन द्वारा सभी 12 सूत्री मांगों पर सहमति जतायी गयी। खासकर संवेदनशील और अति संवेदनशील पदों पर तीन वर्षों से अधिक समय तक एक ही स्थान पर कार्य करे, कर्मचारियों का स्थानांतरित करने पर चर्चा हुई। प्रबंधन ने एक माह के भीतर मजदूरों के सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। वार्ता में प्रबंधन की ओर से उक्त अधिकारियों के अलावे प्रोजेक्ट इंजीनियर मुरली मनोहर, वित प्रबंधक रोशन कुमार, सहित यूनियन के उमेश साव, ऐलारूस उरांव, हरेंद्र सिंह, ललित करमाली, अख्तर हुसैन, रामजीत नोनिया, रोशन महतो, गंगाराम महतो शामिल रहे।

## रोजगार मेला के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को किया रवाना



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के 18-35 वर्ष उम्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर 27 फरवरी को चतरा व्यवहार न्यायालय के सामने डीएमडीएफटी प्रशिक्षण भवन में रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार वाहन को रवाना किया है। जिसका नेतृत्व जेएसएलपीएस ने किया। मौके पर बीडीओ ने प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों से इस रोजगार मेला में ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवक-युवती को शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला में खुद आइये और दूसरों को भी साथ लाइए। रोजगार मेला में भाग लेने वाले युवक युवतियों को अपना आधार कार्ड, उच्चतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, उम्र प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेला में जरूर पहुंचे। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, बीपीएम सत्येंद्र कुमार, नीतीश कुमार, सीसी तनु कुमारी शामिल थे।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी - टंडवा मुख्य सड़क पर बुकरु मोड़ के समीप एक अनियंत्रित कोल वाहन हाइवा ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया जिससे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना देर शाम करीब पौने सात बजे की बतायी जा रही है जानकारी के मुताबिक एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर पहुंची युवक की पहचान में जुटी है। केरेडारी और टंडवा प्रखंड में कोल कंपनियों से कोयला लदे सैकड़ों हाइवा का परिचालन रोजाना होता है जिससे आये दिन बेकसुर लोगों की मौत हो रही है।

# अभिव्यक्ति की आजादी

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की एक अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए जारी की गयी एडवाइजरी ने स्वाभाविक ही सबका ध्यान खींचा है। हालांकि, सरकार इस मामले में अपनी तरफ से काफी संयम बरतती हुई दिखी है और उसके ताजा कदम को मुख्यतया सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख से जोड़ कर देखा जा रहा है। लेकिन यह कदम भी कई सवालों को जन्म दे रहा है। भारत जैसे पारिवारिक मूल्यों वाले समाज में ऐसी संवेदनहीन टिप्पणी सामने आने पर विवाद खड़ा हो जाना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उसके बाद कई राज्यों में दर्ज एफआइआर को भी कुछ हद तक इन विवादों का स्वाभाविक परिणाम माना जा सकता है, लेकिन इस एक शो में हुई टिप्पणी के आधार पर अभिव्यक्ति की आजादी जैसे अहम मसले को बहस के दायरे में ले आना कितना उचित है और कितना आवश्यक, यह जरूर देखने वाली बात होगी। संभवतः इसीलिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के मद्देनजर ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए एडवाइजरी जरूर जारी की, लेकिन इसमें सभी संबंधित कानूनों के मौजूदा प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की सलाह तक सीमित रही। इस बाबत किसी तरह की चूक होने पर भी वह स्वनियामक प्रणाली के इस्तेमाल को प्राथमिकता देती दिख रही है। यह बात ध्यान देने की है कि अपने देश की न्यायपालिका नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शुरू से संवेदनशील रही है। सत्तर के दशक के मध्य में लागू हुई इमर्जेंसी की छोटी सी अवधि को छोड़ दें, तो जब भी इस अधिकार को बाधित या सीमित करने की जानी-अनजानी कोशिश हुई, सुप्रीम कोर्ट इसके बचाव में खुल कर सामने आया। इसलिए इस मान्यता को लेकर सर्वसम्मति सी बनी रही कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत मिली अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं भी संविधान के ही अनुच्छेद 19 (2) ने तय कर दी है। इन सीमाओं का विस्तार करने का कोई भी बहाना उचित नहीं माना जायेगा। रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मौजूदा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत जरूर दी, लेकिन न केवल इन टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी दिखायी, बल्कि इन यूट्यूबर्स के कोई भी विडियो अपलोड करने या शो करने पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। सवाल है कि क्या इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में शीर्ष अदालत अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत महसूस कर रही है। आने वाले दिनों में कोर्ट का रुख देखकर ही इस बारे में कोई अंतिम राय बनाई जा सकेगी।

**रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मौजूदा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत जरूर दी, लेकिन न केवल इन टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी दिखायी, बल्कि इन यूट्यूबर्स के कोई भी विडियो अपलोड करने या शो करने पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दिल्ली है दिल वालों की, लेकिन इसकी किस्मत है कि बार-बार उजड़ती बसती रहती है। आक्रांताओं द्वारा लूटी जाती रही और कमाल यह कि तहस-नहस कर दिए जाने के बावजूद फिर से उठ खड़ी होती है। वही सज-धज, वैसा ही रौब और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल। शायद ही देश के किसी अन्य शहर की कहानी इस जैसी हो। आजादी के आसपास जन्मी पीढ़ी के लोगों की जुबानी बहुत से किस्से कहानियों में रोचक तथ्य मिल जायेंगे कि किस तरह यह नगर अपने इतिहास, संस्कृति और सभ्यता में अलग स्थान रखता है।**

# विश्वास कीजिए, लेकिन संभल कर

पूरन चंद सरीन

राजनीतिक, सामाजिक, पारिवारिक या व्यक्तिगत जीवन में यदि लगने लगता है कि छल-फरेब हुआ है, तो बहुत कुछ उलट-पलट होना तय है। प्रश्न यह है कि जब ऐसी स्थिति बन जाए और दल, नेता या घर का सदस्य भी कहे कि एक बार फिर दूसरा अवसर दिया जाये तो क्या करना उचित होगा? यदि जिसने विश्वास तोड़ा, वह गारंटी भी दे तब भी उसे सजा देंगे या सुनिश्चित करेंगे कि दोबारा ऐसा न हो।

**दिल्ली की कहानी :** दिल्ली है दिल वालों की, लेकिन इसकी किस्मत है कि बार-बार उजड़ती बसती रहती है। आक्रांताओं द्वारा लूटी जाती रही और कमाल यह कि तहस-नहस कर दिए जाने के बावजूद फिर से उठ खड़ी होती है। वही सज-धज, वैसा ही रौब और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल। शायद ही देश के किसी अन्य शहर की कहानी इस जैसी हो। आजादी के आसपास जन्मी पीढ़ी के लोगों की जुबानी बहुत से किस्से कहानियों में रोचक तथ्य मिल जायेंगे कि किस तरह यह नगर अपने इतिहास, संस्कृति और सभ्यता में अलग स्थान रखता है।

दिल्ली का राजनीतिक परिदृश्य यह रहा है कि यहां अधिकतर कांग्रेस का शासन रहा और उसके मुकाबले भाजपा का अतीत भारतीय जनसंघ और कम्युनिस्ट पार्टियां रहीं। अब हुआ यह कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद भी दिल्ली की सत्ता एक नये दल आम आदमी पार्टी के हाथों में चली गयी, जिसने कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार को इस वायदे और विश्वास के आधार पर हराया था कि वे ईमानदार, स्वच्छ और शिक्षित लोगों की सरकार देंगे। हालांकि शीला सरकार ने दिल्ली की कायापलट की थी, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने कुछ ऐसा करिश्माई नजारा दिखाया कि जनता ने उन्हें अपना नेता मान लिया। जितने भी लोग चुने गये, उनमें से अधिकतर को राज-काज का अनुभव नहीं था, जिन्हें था उनकी हैसियत का लाभ उठा कर नजरअंदाज कर दिया गया और कुछ समय बाद से ही बहुत से निष्ठावान और परिवर्तन की उम्मीद लगाये दिल्ली वासी, विशेष कर युवा पीढ़ी निराश होने लगी और इस पार्टी से किनारा करने में ही भलायी समझी।

**देखा जाये तो दिल्ली की समस्याएं ज्यादा नहीं हैं। मूलभूत सुविधाएं हरेक को मिल जायें, वही काफी है।**

देखा जाये तो दिल्ली की समस्याएं ज्यादा नहीं हैं और क्योंकि जनसंख्या में फेर-बदल होता रहता है, इसलिए ये कभी गंभीर नहीं हो पातीं। मूलभूत सुविधाएं हरेक को मिल जायें, वही काफी है और अगर वह भी न मिलें तो निराशा होना स्वाभाविक है। सबसे बड़ी समस्या है प्रदूषण की। लगातार बढ़ते वाहनों, यमुना में कल कारखानों से निकलने वाले रसायनों के बेरोकटोक गिरने और केवल राजनीतिक लाभ के लिए बसायी गयी अवैध कालोनियों और सड़कों की खराब हालत, इसका मूल कारण है।

इसी से जुड़ी स्वास्थ्य की समस्या है जो दूषित हवा, गंदे पानी के इस्तेमाल से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है। राजधानी होने के नाते केंद्र सरकार का यहां दखल उतना ही होता है, जितना केंद्र शासित प्रदेश में होता है और बाकी सब कुछ स्थानीय सरकार के अधीन है कि वह दिल्ली की आन, बान और शान कायम रखे। आने-जाने के साधनों को सुविधाजनक बनाना और दिल्लीवासी जिस जीवनशैली या लाइफ स्टाइल के अभ्यस्त हैं, प्रदान करना, बस इतना ही, यह भी न कर सके, तब क्या ही कहा जाये?

**धन, स्वास्थ्य और चरित्र की कसौटी :** कहावत है कि धन की हानि होना कोई अधिक बड़ी बात नहीं है, क्योंकि यह तो अपने पुरुषार्थ से दोबारा प्राप्त हो सकता है। केजरीवाल सरकार को जनता ने धन की कमी नहीं आने दी, उन्हें जरूरत से ज्यादा ही दिया, दिल खोल कर उनकी मदद की और बदले में यह उम्मीद की कि जो विश्वास उन पर किया, वे उसे कभी टूटने नहीं देंगे। इसके बाद आती है चरित्र की हानि। जरूरतमंद, निर्धन, असहाय और कमजोर लोगों की सहायता करने से किसी को कोई परेशानी नहीं होती लेकिन जब सरकार जनता के धन को अपनी वाहवाही के लिए मुफ्त बांटने लगे, तब अवश्य सोचने वाली बात है। बिना इस बात का अनुमान लगाये कि विद्युत उत्पादन और पेयजल की आपूर्ति करने में कितना धन व्यय होता है, बिजली और पानी के प्लांट लगाना कितना कठिन और महंगा है, आपने सब को मुफ्त देने की हिमाकत कर दी। तनिक भी विचार नहीं आया कि मुफ्तखोरी की लत लगाना अपराध है। बिना श्रम या पैसा खर्च किए कुछ भी देना, लेने वाले के चरित्र को गिराना है। जिसे दिया वह मना नहीं कर सकता, क्योंकि सरकार के आदेश के अनुसार उसे दिया जा रहा है।

मुफ्त में सुविधाओं के दिये जाने की शुरुआत हुई, यहां तक कि महिलाओं को चाहे अमीर हो या गरीब, खाते में रुपया पहुंचने की बात कही। यह चरित्रहीन बनाने की कोशिश नहीं है तो और क्या है? सोच कर देखिए, स्वयं दिल इस बात की गवाही नहीं देगा, क्योंकि समर्थ होते हुए, मुफ्त का हाथ लगे तो वह हजम नहीं होगा। विडंबना देखिए कि अदालत भी इस मुफ्तखोरी पर रोक नहीं लगा सकती, क्योंकि आदेश सरकारी है। दुर्भाग्य से मुफ्त की रेवड़ी का चलन देश के अनेक राज्यों में सत्ता हासिल करने का साधन बन रहा है। जो नई सरकार बनी है, वह भी कोई दूध की धुली नहीं कहीं जा सकती, क्योंकि इसने भी मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने की योजनाओं को और अधिक पोषित करने का वायदा किया है।



**कहावत है कि धन की हानि होना कोई अधिक बड़ी बात नहीं है, क्योंकि यह तो अपने पुरुषार्थ से दोबारा प्राप्त हो सकता है। केजरीवाल सरकार को जनता ने धन की कमी नहीं आने दी, उन्हें जरूरत से ज्यादा ही दिया, दिल खोल कर उनकी मदद की और बदले में यह उम्मीद की कि जो विश्वास उन पर किया, वे उसे कभी टूटने नहीं देंगे।**

## कोल्हान की खबरें

# आठ माह बाद चोरी के स्कॉर्पियो के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला थाना अंतर्गत मुड़िया से आठ माह पूर्व हुई चोरी के स्कॉर्पियो को पुलिस ने बरामद कर लिया। सोमवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में धनबाद निवासी सुग्रीव कुमार व पलामू निवासी कवलधारी विश्वकर्मा शामिल हैं।

उल्लेखनीय है बीते 21 जून को मुड़िया निवासी रमजान अली की स्कॉर्पियो चोरी हो गयी थी। पद्मश्री सम्मानित छुटनी महतो द्वारा स्कॉर्पियो का उपयोग की जाती थी। इससे रमजान अली के रोजगार का मुख्य साधन भी था। बीते दिनों छुटनी महतो ने स्कॉर्पियो की बरामदगी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर सहयोग के लिए अपील की थी। विधायक कल्पना सोरेन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसी व एसपी को विशेष निर्देश दियक थे। इस मामले में जांच अधिकारी रमण विश्वकर्मा एवं रामरेखा पासवान ने प्रयास करते हुए तकनीकी व मानवीय साक्ष्यों के आधार पर इस चर्चित मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया। सरायकेला पुलिस की सफलता से वाहन चोरी के मामलों में कमी आने की उम्मीद जतायी जा रही है।



# युवा जदयू महानगर अध्यक्ष के स्कॉर्पियो पर गिरा ट्रेलर का पाइप, चालक की मौत, अन्य तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग मुड़िया मोड़ के पास भीषण सड़क हादसा में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो में सवार युवा जदयू महानगर अध्यक्ष जसवंत सिंह का हालत गंभीर है।जबकि भीषण सड़क हादसा में चालक चीकू का मौत होगया।सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही के थाना प्रभारी सतीश बर्णवाल के नेतृत में पुलिस टीम ने राहत और बचाव कार्य में जुट गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रूंगटा स्टील से पाइप लेकर एक ट्रेलर (संख्या जेएच 02एक्यू 7880) सड़क से गुजरने के दौरान पाइप खुलकर स्कॉर्पियो में गिर गया। वही स्कॉर्पियो में सवार चालक चीकू व पूर्वी सिंहभूम के युवा जदयू महानगर अध्यक्ष जसवंत सिंह का वाहन क्षतिग्रस्त होने ने से बुरी तरह फंस गए।उधर पाइप गिरने के बाद ट्रेलर भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। सड़क हादसे में ट्रेलर चालक सुमन यादव और उसका सहायक घायल हो गए।जिससे पाइप सड़क पर बिखर गए। मौके पर पुलिस व स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए स्कॉर्पियो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। उन्हें टीएमएच भेजा गया। वही घायल चालक और खलासी को सरायकेला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।फिलहाल पुलिस यातायात को सुचारू करने के लिए सड़क से पाइप हटाने व मामले की जांच में जुटी गयी है।



# सूर्य मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पर गूंजे जय श्री राम के जयकारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तीसरे दिन श्रद्धालु श्रीराम जन्मोत्सव के भावपूर्ण प्रसंग से मंत्रमुग्ध हो गए। कथा पंडाल में प्रभु श्रीराम के जन्म की खुशी में जयकारे गूंज उठे, और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गए।कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ व्यास पीठ एवं व्यास पूजन से हुई। तत्पश्चात, श्रीधाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव का मनोहारी वर्णन किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने कहा भगवान श्रीराम का अवतार अधर्म और अन्याय के अंत के लिए हुआ था। उन्होंने कहा भये प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्या हितकारी भगवान राम का चरित्र युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा। कथा सुनते ही श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का स्मरण किया व पूरे पंडाल में श्रद्धालु आनंदित होकर झूम उठे। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# डीएवी स्कूल में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर बिस्टुपुर डीएवी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के द्वारा वर्चुअल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी आरएस पांडेय, विशिष्ट अतिथि लीगल डिफेंस काउंसिल के प्रमुख विदेश सिन्हा,सम्मानित अथिति अधिवक्ता योगिता कुमारी,अभिनव कुमार श्रीवास्तव,अंकित प्रताप कुंवर,पवन कुमार तिवारी डालसा असिस्टेंट रवि मुर्मू, डीएवी स्कूल के शिक्षक प्रतिनिधि ओम प्रकाश पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अथिति के द्वारा राज्य के 72 अन्य स्कूलों के साथ वर्चुअल माध्यम से न्यायिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों को विधिक जागरूकता के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, बाल उत्पीड़न व पॉक्सो एक्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।वही बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की गई। ताकि वे भविष्य में कानूनी जागरूकता फैलाने के लिए समाज में योगदान दे सकें। इस अवसर पर पीएलवी नागेंद्र कुमार,प्रकाश मिश्रा, प्रभात कुमार सरदार, सुबोध कुमार, अनिल कुमार शर्मा, शिव रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही बहरागोड़ा डीएवी स्कूल में भी लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम में घाटशिला व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी विकास कुमार भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।उनके साथ पैनल लॉयर्स में सुबोध हेम्ब्रम, सुनील सीट, डालसा सहायक अलंकार तामड़िया, डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश कुमार व पीएलवी में आनंद साव,राजेश प्रहराज,राजा भोज, मुना हांसदा उपस्थित रहे।वक्ताओं ने विधिक साक्षरता की महत्ता को रेखांकित किया।उन्होंने कहा यह समाज के हर वर्ग के लिए आवश्यक है। बच्चों के माध्यम से यह संदेश संपूर्ण देश में फैल सकता है। जिससे समाज में विधिक जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा।



# आदित्यपुर वार्ड-30 के पूर्व पार्षद के पिता का निधन

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के अधिकारी और दिग्गज कांग्रेसी रहे आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 30 के पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी के पिता एवं अमृता चौधरी के ससुर राजेश्वर चौधरी (85) का सोमवार को निधन हो गया। सोमवार की शाम 4 बजे के आसपास उन्होंने अपने घर में ही अंतिम सांस ली। स्व. चौधरी अपने पीछे तीन पुत्र- पुत्री, पौत्र समेत भरापुरा परिवार छोड़ गये हैं। स्व. राजेश्वर चौधरी के बड़े पुत्र अस्ट्रेलिया में रहते है। उनके आने के बाद बुधवार को अंतिम संस्कार पार्वती घाट में किया जायेगा। पूर्व पार्षद के पिता के निधन पर मेयर विनोद श्रीवास्तव, डिप्टी मेयर अमित सिंह, जनकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश, समेत विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक दलों के लोगो ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

# कल्याण विभाग की लापरवाही से 2700 छात्रों को नहीं मिली छात्रवृत्ति

## छात्रों ने डीसी कार्यालय के पास किया विरोध, मिला आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बीएल और इंजीनियरिंग कॉलेज के लगभग 2700 छात्र-छात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति नहीं मिला। सोमवार को सैकड़ो छात्र छात्राओं ने डीसी कार्यालय पहुच कर विरोध दर्ज कराया। छात्र छात्राओं का कहना है कई बार कल्याण विभाग का चक्कर लगाया लेकिन उनकी छात्रवृत्ति से संबंधित समस्या का समाधान नहीं निकला।अब भी लगभग 2700 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित है। छात्रवृत्ति की मांग को लेकर जमशेदपुर व आसपास क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं ने डीसी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान के लिए डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र प्रतिनिधि रजत कुमार गिरी ने बताया छात्रों को आश्वासन मिला है उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शेष 2700 छात्रों को जल्द ही छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

# गढ़वा सदर अस्पताल में नहीं थे डॉक्टर परेशानहाल मरीजों ने किया हंगामा

## सीएस-डीएस के बीच टकराव से अस्पताल में है अव्यवस्था का आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही रुकने का नाम नहीं ले रही है। आये दिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण मरीज बिना इलाज लौटने को मजबूर हैं। सोमवार को भी गायनी ओपीडी, शिशु ओपीडी और ईएनटी ओपीडी में डॉक्टर नदारद रहे, जिससे मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा। इस दौरान गायनी ओपीडी में कई मरीज दर्द से तड़पते नजर आये, लेकिन देखने वाला कोई नहीं था। इमरजेंसी में आई रागनी कुमारी प्रसव पीड़ा से कराह रही थी, जिसे किसी तरह लेबर वार्ड पहुंचाया गया। वहीं, नगर थाना क्षेत्र की बिशुनपुर निवासी जुलैखा बीबी, रॉकी मोहल्ला की प्रियंका कुमारी, मेड़ना खुर्द की पूजा देवी, करकोमा की सुचिता कुमारी, चौबे मझिगवां की माया देवी और पलामू जिले के उंटारी की मधु कुमारी जैसे कई मरीज घंटों डॉक्टरों का इंतजार करते रहे। सीएस और डीएस की जिम्मेदारी टकराव में उलझी, मरीज परेशान सदर अस्पताल की व्यवस्था की जिम्मेदारी आखिर किसके हाथ में है, यह अब तक अनसुलझी पहेली बनी हुई है। इस खींचतान का खामियाजा जिले के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। जब मरीजों के परिजनों ने उपाधीक्षक से डॉक्टरों की गैरमौजूदगी पर सवाल किया, तो उन्होंने सिविल सर्जन से बात करने को कहा। वहीं, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी उपाधीक्षक की है, इसलिए इस बारे में वही जवाब देंगे। दोनों अधिकारियों के इस टालमटोल रवैये के कारण मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।



**हंगामे के बाद डॉक्टर पहुंचे अस्पताल**


जब मरीजों के परिजन आक्रोशित हुए और अस्पताल में हंगामा किया, तब जाकर ओपीडी से नदारद डॉक्टर सदर अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार, गायनी ओपीडी में डॉ पुष्पा कुमारी, ईएनटी ओपीडी में डॉ जियाउल हक और शिशु ओपीडी में डॉ शिशिर चंद्राकर की ड्यूटी थी, लेकिन वे अपनी जगह पर मौजूद नहीं थे। मरीजों के परिजनों का कहना है कि अगर डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं रह सकते, तो अस्पताल को बंद कर देना चाहिए। सवाल यह उठता है कि आखिर इस लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा और कब तक मरीजों को इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में रविवार को झालसा के तत्वावधान में विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन और गठन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य और मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम से पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिथियों को तिलक लगाकर अभिनंदन, जबकि प्राचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कानून हमारी रक्षा और हमारे अधिकारों की सुरक्षा कैसे करता है। इस से संबंधित विषय पर चर्चा की गयी। उपस्थित मुख्य अतिथि कच्छप के द्वारा शिक्षकों और बच्चों को पोस्को एक्ट, चाइल्ड लेबर एक्ट, मानव तस्करी, आदि विषय मे विधिक जानकारी प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में विधिक जागरूकता का ज्ञान देने के लिए समागत सभी अतिथियों का हृदय से आभार और धंयवाद व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे अरविंद कच्छप सहायक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह जज सीनियर डिविजन नगर उंटारी, प्रवीण कुमार साहू एलएडीसीए, संजय कुमार भारती अधिवक्ता सह मध्यस्थ, आलोक कुमार एडीएलएसए, पीएलबी सुधीर चौबे, अजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार चौबे, संगीता देवी, साहिन परवीन, पिंटू कुमार राम, रामाश्रय राम शामिल हुए।

## भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आज निकलेगी कलश यात्रा



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गहीडी में शिव मंदिर नवनिर्माण प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा का शुभारंभ गहीडी शिव मंदिर परिसर से होगा। जो कोयल नदी के संगम तट से जल भर कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पुनः शिव मंदिर परिसर पूजा स्थल पर स्थापित किया जायेगा। बताते चले कि भगवान शिव का प्राण प्रतिष्ठा रुद्राभिषेक महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दिनांक 26 फरवरी 2025 दिन बुधवार को दो महान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कराया जायेगा। इस अवसर पर कीर्तन भजन और महाप्रसाद का भी आयोजन किया जायेगा।

## स्वास्थ्य विभाग की अनोखी पहल, पहाड़ी क्षेत्र में जाकर खिलायी फाइलेरिया की दवा



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के ग्राम बलिगढ़ से चार किलोमीटर दूर पर पिपरा पानी पहाड़ के पास करीब 20 घर है, जहा 50 की संख्या लोग निवासी करते हैं। वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य सहिया और ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष पहुंचकर लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाया। वहीं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया उंमूलन अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के निदेर्शानुसार बलिगढ़ ग्राम अंतर्गत आने वाली सभी स्वास्थ्य सहिया पिपरा पानी पहाड़ जो पोषण क्षेत्र से करीब चार किलोमीटर दूर आकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का काम किया, जो अपने आप में एक अनोखी पहल है। साथ ही अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने इस पहाड़ी में निवास करने वाले लोगों से अपील किया कि आप जहां भी रहे आसपास साफ सफाई रखें। मौके पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य सहिया सह सचिव ममता देवी, सहिया संगीता देवी, उषा देवी संगीता देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## गर्मी के मौसम में क्षेत्र का कोई भी जल मीनार खराब नहीं रहना चाहिए: एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार ने सोमवार को गढ़वा सदर प्रखंड कार्यालय और कल्याणपुर पंचायत क्षेत्र का औचक द्वारा कर योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रखंड और पंचायत स्तर पर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति को लेकर समीक्षा के क्रम में कई आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान उनके साथ प्रखंड के सभी कार्यालयी कर्मचारियों के अलावा तकनीकी कर्मचारी एवं क्षेत्रीय कर्मचारी भी मौजूद थे। जिन योजनाओं की समीक्षा की गयी उनमें अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि योजनाएं शामिल हैं।



**योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया**

एसडीओ ने पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं का प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया की उपस्थिति में निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमों का अक्षरशः पालन किया जाये। जल-मीनारें चालू हालत में रहें। पंचायत स्तर पर निरीक्षण के दौरान जो जल मीनारें देखी गयी वे सभी संचनालत्मक स्थिति में मिली, इस पर एसडीओ ने बीडीओ के माध्यम से अन्य पंचायतों को भी निर्देश दिया कि गर्मियों में सभी जल मीनारें संचालनात्मक स्थिति में होनी चाहिए क्योंकि गांव, गली और मोहल्लों में इन जल मीनारों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की समस्या से आसानी से निपटा जा सकता है।

## नाबालिग लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या की

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी महेंद्र रजवार की 17 वर्षीय नाबालिक लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बारे में महेंद्र रजवार ने बताया कि ढाई बजे के लगभग मेरी बड़ी बेटी आरती कुमारी घर में अकेली थी, कुछ देर के बाद जब मेरी छोटी बेटी घर गयी तो देखी कि आरती उल्टी कर रही है और बताई की मैं जहर खा ली हूं, इसके बाद इलाज के लिए उसे भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी । घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया ।**

## जायंट्स ग्रुप की बैठक में कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा तय की गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में मार्च 2025 में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए बैठक आहुत की गयी। बैठक का संचालन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने किया। बैठक के आरंभ में प्रशाशनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान ने ग्रुप द्वारा अब तक किये गये सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से 12 मार्च को खजूरी ग्राम स्थित कैलाश पर्वत के बच्चों के बीच होली सामग्री रंग, अबीर, गुलाल, पटाखा के साथ बिस्कुट,चौकलेट आदि का वितरण किया जायेगा, और उसी दिन शाम को ज्ञान निकेतन स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। 23 मार्च को गढ़वा में जायंटस ग्रुप गढ़वा तथा डॉ आर एस दास रांची की टीम के संयुक्त तत्वाधान में मेगा मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सेंट्रल कमिटी सदस्य अजयकांत पाठक, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष राकेश केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, ध्रुव केशरी, मनोज केशरी (हिंदुस्तान सेनेटरी), विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, रवीन्द्र जायसवाल, रवींद्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज केशरी (पोस्टऑफिस), मनदीप सोनी, अजय केशरी, रितेश केशरी मोनू, विजय केशरी (विजय जनरल स्टोर) आदि जायन्ट्स सदस्य उपस्थित थे।

## पीएम किसान योजना के नाम पर ग्रामीणों को ठगनेवाले का ऑडियो वायरल, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना में फर्जी रजिस्ट्रेसन करा कर लोगो से पैसा ठगने का काम जोरो पर चल रहा है। इस मामला को संज्ञान में लेने वाले विशुनपुरा प्रखंड जिला परिसद शम्भू राम चंद्रवंशी में प्रमुखता से पीएम सम्मान निधि में हो रहे करोड़ो के स्कैम का मामला प्रकाश में लाया है। प्रखंड के लाभुक किसान के जगह पर दूसरे प्रखंड, जिला और राज्य से बाहर लोगो का नाम विशुनपुरा प्रखंड में कैसे आया। इसकी जांच के लिए गढ़वा डीसी और डीडीसी को आवेदन दिया है। साथ ही गांव-गांव जाकर लाभुक का सत्यापन भी कर रहें हैं। जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी ने कहा कि हमने एक पंचायत सरांग का सर्वे किया जिसमें हमने काफी गड़बड़ी मिली। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी संख्या में सरांग पंचायत में मुस्लिम परिवार की इतनी तादाद कैसे बढ़ी इस पंचायत में एक भी मुस्लिम परिवार नही रहता। इन बाहरी लोगों के चलते विशुनपुरा के किसानों का पीएम सम्मान निधि का लाभ नही मिल रहा। इसमें फर्जीवाड़े का मामला जब तक जांच कर दोषियों पर कार्यवाई नही हो जाता तब तक हम बैठने वाले नहीं हैं।



ग्रामीणों से जानकारी लेते जीप सदस्य

**कैसे हो रहा खेल**

उन्होंने बताया कि गांव या कहीं के सीएसपी या सीएससी चलाने वाले लड़के को इसमें संलिप्त अधिकारी अपना माध्यम या कहें तो दलाल रखे हुए हैं, और इसमें उन्ही लोगो द्वारा पीएम किसान सम्मान का कार्य कराने के लिए पैसे की मोटी रकम वसूली कर रहें। पीएम किसान का लाभ दिलाने के लिए प्रति ब्यक्ति पंद्रह सौ रुपये से दो हजार रुपये लेते हैं। उन्होंने कहा कि साक्ष्य के लिए मेरे पास एक ऑडियो है जिसमे हरादाग खुर्द प्रखंड रमना जिला गढ़वा का सीएसपी व सीएससी संचालक मनीष प्रजापति मोबाइल नम्बर 9724861115 है। उसने ऑडियो में स्पष्ट रूप से कहा है कि आप आधार खाता कहीं का दीजिए काम हो जायेगा। पैसा एक व्यक्ति का पंद्रह सौ लगेगा। मिलने की जरूरत नहीं है फोन पे और पेपर वाट्सअप कर दीजिये। आखिर किसके संपर्क में आकर इस लड़के ने डंडा निवासी संदीप चौधरी का विशुनपुरा प्रखंड से रजिस्ट्रेसन करा दिया। उस ऑडियो में स्वीकारा है कि पांच बजे आपका काम हो जायेगा। जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी ने कहा कि इस ऑडियो को पैन ड्राइव के माध्यम से गढ़वा डीसी को उपलब्ध करा कर इसमें संलिप्त दलाल और पदाधिकारी पर कार्यवाई की मांग करेंगे।

## मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह संपन्न



**कांडी (आजाद सिपाही)।** सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 25वें मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह का समापन धूमधाम से हुआ। मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति द्वारा आयोजित इस महायज्ञ की महापूणार्हुति में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रवचन पंडाल में श्रीराम धाम अयोध्या के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेमशंकर दास जी महाराज ने वसंत और फाग के राग में भक्ति गीत प्रस्तुत किये, जिस पर श्रद्धालु दो ढाई घंटे तक झूमते रहे। यह परंपरा भोजपुरी भजन सम्राट स्वर्गीय विनोद पाठक द्वारा शुरू की गयी थी। महाप्रसाद वितरण और कलश यात्रा के दौरान पवित्र जल का वितरण किया गया। महामंडलेश्वर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को यह आशीर्वाद दिया कि यज्ञ के दौरान अभिमंत्रित जल को घर में छिड़कने से नकारात्मक शक्तियां दूर होंगी और धर्मघट की स्थापना करने से रसोई अन्नपूर्णा की रसोई बन जायेगी। इस अवसर पर मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र, संत हरिदास जी महाराज, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, और अन्य प्रमुख गणमान्य लोग उपस्थित थे। महामंडलेश्वर जी महाराज ने इस पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या देखकर खुशी जताई और इसे पिछले 25 वर्षों का सबसे बड़ा उत्सव बताया।

## भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार वित्तीय साक्षरता सप्ताह का किया गया आयोजन

**मेराल (आजाद सिपाही)।** भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार संस्था अग्रगति इंडिया के सीएफएल कार्यकताओं के द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से 'वित्तीय समावेशन और साक्षरता भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण विकासात्मक उद्देश्य है। वित्तीय समावेशन से संबंधित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा वर्ष 2016 से विभिन्न गतिविधियों के अलावे वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2025 के लिए दिनांक 24 से 28 फरवरी 2025 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। 'वित्तीय समझदारी' और 'समृद्ध नारी जो गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में सीएफएल कार्यकर्ताओं के द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गृहणी महिलाओं के लिए वित्तीय नियोजन, घरेलू बजट, अकाउंट ओपनिंग एंड माइक्रो सेविंग, कार्यरत महिलाओं के लिए बचत और जोखिम प्रबंधन जैसे-मासिक बचत, रिस्क डायवर्सिफिकेशन, और उद्यमी महिलाओं के लिए विकास के लिए ऋण जिसमे मेंटेनिंग गुड क्रेडिट स्कोर, अवेलिंग क्रेडिट फ्रॉम रेगुलेटेड एंटाईटीज, रिस्पांसिबल बौरोइंग इत्यादि उप-विषयों पर महिलाओं को जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गढ़वा जिले के मेराल, सगमा, भवनाथपुर, डंडई एवं भंडरिया प्रखंडो में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गृहणी महिलाओं सहित सैकड़ो ग्रामीणो ने उपस्थित हुए।

## हनुमान मंदिर के प्रांगण में छात्रों ने हवन का आयोजन किया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप ने सोमवार को कांडी हनुमान मंदिर के प्रांगण में बच्चों में भारतीय संस्कृति के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से एक हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी, संस्कृत शिक्षक आचार्य प्रवीण पांडेय समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक सपरिवार उपस्थित रहे। हवन यज्ञ के शुभारंभ में संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी और छात्रों मयंक और आयुष ने गणपति वंदना और भजन प्रस्तुत किये। संस्कृत शिक्षक आचार्य प्रवीण पांडेय ने विद्यालय के शिक्षण उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए वैदिक शिक्षा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्थानीय लोग अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए यज्ञ में सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने आशीर्वचन में कहा कि हम शिक्षा के साथ-साथ संस्कार मुफ्त में प्रदान करते हैं, जिससे हमारे विद्यार्थी समाज में अच्छे नागरिक बनते हैं। अभिभावक विनोद दुबे ने डीएवी विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके तीन बच्चों ने डीएवी से शिक्षा प्राप्त कर सफलता की ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने विद्यालय की शिक्षा को महंगा मानते हुए कहा कि यह खर्च कभी व्यर्थ नहीं जाता और बच्चों का भविष्य उज्जवल बनता है। इस मौके पर अन्य प्रमुख व्यक्ति जैसे अजीत सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, राजू सोनी, रविंद्र कमलापुरी, संतोष प्रसाद, और अन्य शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित थे।

## डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चहारदीवारी नहीं, चिकित्सक और कर्मी रहते हैं भयभीत

जितेंद्र यादव

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बने 14 वर्षों से भी अधिक समय बीत गया है। उसके बाद भी आजतक सुरक्षा की दृष्टिकोण से अस्पताल परिसर की चहारदीवारी नहीं हो सकी। उक्त वजह से अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और कर्मी असुरक्षित महसूस करते हैं। चहारदीवारी को लेकर चिकित्सा पदाधिकारियों ने कई मर्तबा विभाग को पत्र भी लिखा पर उस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अस्पताल में दिन हो या रात अक्सर मरीज और उनके परिजनों के अलावा अन्य लोगों का आना जाना लगा रहता है। चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने से अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक और कर्मी भयभीत रहते हैं। चहारदीवारी नहीं होने से रात को रहने वाले महिला कर्मियों को अधिक परेशानी होती है। अस्पताल में फिलहाल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी सहित सात महिला स्वास्थ्य कर्मी और पांच पुरुष कर्मी सहित करीब दर्जन भर कर्मी अस्पताल में कार्यरत हैं। प्रखंड के करीब 90 हजार का चिकित्सा सेवा इसी अस्पताल पर निर्भर है।




**चहारदीवारी नहीं होने से अस्पताल कर्मियों में रहता है भय**

अस्पताल में काम करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मी दिन में तो बगैर किसी परेशानी और भय के काम करते हैं, पर शाम होते ही उनमें अनजान भय होने लगता है। उनका कहना है कि दिन के समय में हमें किसी तरह का भय नहीं होता पर रात को डरे सहमे रहते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लकड़ी के बने दो दर्जन से भी अधिक दरवाजे लगे हैं। वह भी जर्जर है। हल्का धक्का देने मात्र से ही वह गिर जायेगा। कई मर्तबा तो मरीज के साथ उनके परिजन भी शराब की नशे में पहुंच जाते हैं।

### क्या कहते हैं चिकित्सा पदाधिकारी

**चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी ने बताया कि वाहन चालक, रात्रि प्रहरी के अलावा सात महिला और पांच पुरुष कर्मियों को मिलाकर कुल 12 कर्मी अस्पताल में कार्यरत हैं। सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल में चहारदीवारी जरूरी है। चहारदीवारी नहीं होने से महिला कर्मी रात में अक्सर भयभीत रहते हैं।**


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं०–2, राँची

**शुद्धि - पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 346963 Building (24-25)#D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0–68/2024–25, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 03.03.2025 है। क्रमांक सं0–(1), (2), (8), (10), (17), (25) के कार्य के नाम में आंशिक सुधार हुआ है जो निम्नलिखित है :–

| क्रमांक | पूर्व का कार्य का नाम | वर्तमान में कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | E/R to Cleaning of Roof Repair Office Line in Duct Areas and Repair of Seepage part of Urban Roof Area of New Vidhan Sabha, Jharkhand, Ranchi for the year 2024-25 | E/R to Cleaning of Roof, Repair of Pipe Line in Duct Areas and Repair of Seepage part of Library Roof Area at New Vidhan Sabha, Jharkhand, Ranchi for the year 2024-25 |
| 2 | E/R to cleaning of Drain Pipe Line and Repair of Seepage portion of Advocate Block, Typist Block and Place Area at New HighCourt Building Jharkhand, Ranchi for the year 2024-25 | E/R to Cleaning of Drain, Pipe Line and Repair of Seepage Portion of Advocate Block, Typing Block and Plaza Area at New High Court Building Jharkhand, Ranchi for the year 2024-25 |
| 8 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-176 (Ground Floor in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi for the year 2024-25 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-176 (Ground Floor) in Sector-1 at HEC, Dhurwa, Ranchi for the year 2024-25 |
| 10 | Renovation of "A" Type Qtr. No.-139 in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | Renovation of "A" Type Qtr. No.-139 in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi |
| 17 | E/R to Shop No.-5 of at Old Vidhan Sabha, Dhurwa, Ranchi for the year 2024-25 | E/R to Shop No.-5 at Old Vidhan Sabha Residential Campus, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand for the year 2024-25 |
| 25 | E/R to AN B Type Qtr. No. -204 (F.F) in Sector-3, Dhurwa, Ranchi | Emergent Repair of "AN" Type Qtr. No.-204 (F.Fl.) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi for the year 2024-25 |

निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0–2,
राँची।

PR.NO.347107 Building(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# छिपादोहर आदिवासी स्कूल के हॉस्टल में लगी आग, बाल-बाल बचे दर्जनों बच्चे

आजाद सिपाह संवाददाता




**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के छिपादोहर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के एक कमरे में अचानक से दोपहर 11 बजे से आग लग गयी। घटना के वक्त कमरे में कोई भी छात्र मौजूद नहीं थे। सभी छात्र उस समय अपने अपने क्लास रूम में थे। जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस संबंध में मौजूद छात्रों ने बताया कि घटना के कुछ ही देर पहले ब्रेक हुआ था। तभी आग की तेज लपेटे क्लास पांच के छात्रों के हॉस्टल रूम से दिखाई पड़ा जिसके बाद इसकी सूचना विद्यालय प्रबंधन को दी। विद्यालय कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की सूचना पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और अंचलाधिकारी मनोज कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की टीम अगलगी की घटना की गहनता से जांच कर रही है। आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। वही बीडीओ के द्वारा एंबुलेंस की मांग करने के बाद भी छिपादोहर में एंबुलेंस रहने के बावजूद घटना स्थल पर नहीं पहुंची वहीं लोगों ने बताया कि की छिपादोहर में केवल एंबुलेंस खड़ा रहता है एंबुलेंस चालक नहीं रहता है। उधर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस तरह के बड़े घटना के बाउजूद अगर एंबुलेंस रहते हुए भी घटनास्थल पर नही पहुंचा तो कब पहुंचेगा। यंहा सिर्फ एंबुलेंस हाथी के दांत वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। वंही एम्बुलेंस मामले पर जब दूरभाष पर चिकित्सा प्रभारी डॉ जयवंत लकड़ा से बात की गये तो उन्होंने बताया कि एंबुलेंस चालक बिना सूचना दिये गायब था। उस पर कार्रवाई की जायेगी। स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इस मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक सबेरियस एक्का ने बताया कि संभवत शॉर्ट सर्किट से हॉस्टल में आग लगी है। आग लगने की सूचना पर आसपास के लोगों व विद्यालय के सभी कर्मी के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि उस कमरे के बच्चे सभी अपनी कक्षा पढ़ाई करने चले गये थे। उस कमरे में रखे पांचवे वर्ग के 15 छात्रों का कॉपी किताब समेत दैनिक उपयोग के सभी सामान और अन्य सभी सामान जलकर राख हो गया।

# कव्वाली सह मेला आज, मंत्री समेत कई हस्तियां होंगी शामिल

## डीसी-एसपी समेत कई अधिकारियों ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/ लोहरदगा।** शहीद शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल की तमाम प्रकार की तैयारियों का उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, बीडीओ अरूण उरांव, सीओ अजय कुमार, थाना प्रभारी सुमन मिंज समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया और तैयारियों को समय से पूरा कराये जाने का निर्देश दिये।

मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि लोहरदगा जिला में शुरू से स्थापित गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सभी वर्ग के लोग मिलकर कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिससे लोहरदगा जिले के नाम भाईचारा में पूरे देश में एक नयी आयाम स्थापित कर सके। कहा कि प्रोग्राम को सफल बनाने में जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली है। किसी तरह की गड़बड़ी करने वालों को हरगिज बख्शा नहीं जायेगा।

डीसी और एसपी ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराये जाने में नारी नवाडीह के अलावा पूरे लोहरदगा जिला वासियों की भूमिका अहम हो। इधर कव्वाली प्रोग्राम स्थल का मुआयना करने पहुंचे उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के द्वारा संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार और तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल से पूरी वस्तु स्थिति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली और कमियों को शीघ्र पूरा कराये जाने का निर्देश दिया।

### प्रोग्राम को सफल बनाने में बड़ी संख्या में पुलिस बल की हुई तैनाती

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)। तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा शहीद शेख भिखारी की शान में आज आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिज़ूल हसन, सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा प्रोग्राम में शामिल होने की सहमति प्रदान कर चुके हैं। वहीं प्रोग्राम में मुख्य संरक्षक सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के अलावा झारखंड प्रदेश के विभिन्न विस क्षेत्र के दर्जन भर विधायक शामिल होंगे। मालूम हो कि इन मंत्रियों और विधायकों के आगमन को लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह की ओर से खास तैयारियां की गयी है। साथ ही प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गयी है।**

# लोहरदगा में बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** बालू के अवैध खनन व परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स ने फौरी कार्रवाई करते हुए सोमवार को पांच अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टरों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार भक्सो कोयल नदी से बालू खनन कर परिवहन कर रहे रामपुर हुटू टोली के पास से चार महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। जबकि, बगड़ू थाना जामुनटोली के पास एक अवैध बालू लोडेड स्वराज ट्रैक्टर पकड़ा गया। सभी जब्त ट्रैक्टरों के मालिक एवम् चालक के खिलाफ सदर थाना व बगड़ू थाना में खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बताया गया कि, सदर थाना क्षेत्र में बालू का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों को पुलिस के द्वारा पीछा किये जाने पर बालू गिराते हुए भागने के क्रम में एक ट्रैक्टर पलट गया। गनीमत रही कि, कोई हताहत नहीं हुआ। वही जब्त किया गया सभी ट्रैक्टरों व ट्रेलरों पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही मिला। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, बालू की अवैध खनन और परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। बालू लदे ट्रैक्टरों को पकड़ने का आदेश पुलिस गश्ती दल को दिया गया। पुलिस गश्ती दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टरों को पकड़ने के लिए पीछा किया गया। गश्ती दल द्वारा बताया गया कि, ट्रैक्टर के चालक पुलिस गश्ती को आते देख इरगांव मुख्य सड़क को छोड़ कर गांव के पीसीसी रोड होकर रामपुर हूटू टोली की ओर भागने लगे। पीछा करने पर ट्रैक्टर चालक साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से अपने अपने ट्रैक्टर के ट्रेलर को उठाकर बालू गिराते हुए भागने लगे। भाग रहे अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टरों का विडियो बनाया गया। भगाने के क्रम में एक ट्रैक्टर पलट गया एवं तीन ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को चालू हालत में खड़ा कर गांव की ओर भागकर छुप गये। सभी ट्रैक्टर महिन्द्रा कंपनी का है। ट्रैक्टर एवं उसके ट्रेलर पर रजि. नं. अंकित नहीं है।

# पथ निर्माण के ठेकेदार से लेवी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के तिलसिरी गांव में चल रहे कालीकरण पथ निर्माण कार्य के चालक के साथ मारपीट करने व संवेदक चौधरी कंस्ट्रक्शन से लेवी मांगने के आरोपी को भंडरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रांची जिले के खुखरा गांव निवासी स्वर्गीय टुलू उरांव के पुत्र सोबरन उरांव (33 वर्ष) के रूप में किया गया है। इस संदर्भ में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि विगत 30 जनवरी 2025 की शाम तिलसिरी में चल रहे कालीकरण पथ निर्माण कार्य को लेकर चौधरी कंस्ट्रक्शन के चालक हाइवा से भरनो प्लांट से अलकतरा मिक्स मैटेरियल लेकर लौट रहा था। तभी भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई गांव के समीप सोबरन उरांव हाइवा चालक जितेंद्र सिंह के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट लिया था। साथ ही लूटे गये मोबाइल से संवेदक कुलदीप चौधरी से तीस हजार रुपये की लेवी की मांग की गयी थी। लेवी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही थी। इस घटना की जानकारी संवेदक ने भंडरा थाना पुलिस को दी। इसके उपरांत भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी खुखरा गांव निवासी टुलु उरांव के पुत्र सोबरन उरांव को उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बरवाडीह में धूमधाम से हुई माता शबरी की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा, चपरी, अमाही, बेहराटाड़ समेत विभिन्न स्थानों में धूमधाम के साथ माता शबरी की पुजा आयोजित की गयी। प्रखंड के चपरी में अखिल भारतीय भुईया समाज के द्वारा माता सबरी की पुजा का आयोजन पूरे विधि विधान से आयोजित की गयी। पुजा कार्यक्रम में स्थानीय जिला परिषद संतोषी शेखर प्रेम सिंह, रवींद्र राम समेत विभिन्न लोगों शामिल हुए। चपरी में अखिल भारतीय भुईया समाज के द्वारा अतिथि को सम्मानित करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर अमाही, चपरी समेत अन्य स्थानों में पुजा अर्चना के साथ भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद संतोषी शेखर ने कहा की भगवान राम की कहानी और रामायण का सार माता शबरी के बिना बिल्कुल अधूरा है। माता शबरी की भक्ति को पूर्ण करने के लिए भगवान राम ने उनके जूठे बेर खाये थे जिसके जरिये भगवान राम नें भक्ति के संदेश के साथ जात धर्म छुआछुत के भ्रम को दूर करने का काम किया था। इस दौरान मौके पर अवधेश मेहरा, हुलास सिंह, कैलाश राम समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# ब्रह्माकुमारी विवि में शिव जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के सरोज नगर स्थित ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के केंद्र में शिव रात्रि को लेकर एककार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीके अमरमणि बहन ने बताया कि 89 वर्षों से ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय संस्थान का कार्य चल रहा है और ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बहन भाई भगवान शिव की अनंत कार्यों के बारे में मानव जाति को बताने का काम करते हैं। इसी क्रम में सोमवार को 11:00 दिन में ओम शांति कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण करते हुए भगवान शिव का जन्म उत्सव मनाया गया और इस अवसर पर तमाम सनातन धर्म के लोग मौजूद थे। बहन बीके अमरमणि ने बतलाया कि यह सृष्टि ही भगवान शिव ने बनाया है और भगवान शिव के ही नेतृत्व में सभी भगवान कार्य करते हैं। हम सभी सनातन धर्म के लोगो को शिव के बारे में जानने की जरूरत है क्योंकि भगवान राम भी भगवान शिव की पूजा करते थे। आज भारत देश के अंदर जितने मंदिर भगवान शिव के हैं और किसी भी भगवान के नहीं है। मानव जाति को भगवान शिव के क्रियाकलापों के बारे में भी गहन जानकारी रखने की जरूरत है इसका एक मुख्य जगह है कि ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से सभी सनातन धर्म लंबी जुड़े और शिव की जो कृपा है। इसी क्रम में ओम शांति के चंद्रेश कुमार ने कहा कि सभी लोगों को ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के हेड क्वार्टर में जो माउंट आबू में स्थित है, वहां जाकर एक बार देखना चाहिए की हमारे ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय के द्वारा लोगों को कैसे जीने और रहने की साथ ही साथ मेडिटेशन के द्वारा आत्मा को परमात्मा से मिलने की कार्य किया गया है। साथ ही साथ अगर वहां नहीं जा सकते हैं तो लगभग सभी जगह पर ओम शांति का सेंटर है कम से कम अपने जीवन के लिए दिन में 5 मिनट 10 मिनट ही समय निकालकर मेडिटेशन करें। जिससे आप सभी लोगों को शांति मिलेगी भगवान का भी यही उद्देश्य है जो आज व्यवहारिक जीवन में लोग परेशान हैं और शांति की खोज में अन्य जगह भटकते हैं वह जगह है ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय यहां जुड़कर आत्मा को परमात्मा से विचार करें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पाठक भी मौजूद थे। इस अवसर पर वहां गुड़िया आजाद सिपाही के ब्यूरो चीफ मुकेश कुमार सिंह, समाज सेवी प्रसाद गुप्ता, माखन चौरसिया, महेंद्र अग्रवाल, धनंजय सिंह, सुरेश रजक और तमाम बहन भाई मौजूद थे।

# बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू के सुंदरू से ओपा जानेवाली रोड किनारे ओपा सारनटोली के नजदीक बिजली तार के चपेट में आने से गोपी टोली निवासी 55 वर्षीय परवल मिंज की मौत हो गयी। बताया जाता है कि परवल मिंज अपना खेत जा रहा था, सरनाटोली के नजदीक एक पोल से दूसरे पोल तक टाना गया बिजली का तार पहले से झूला हुआ था, वही घटनास्थल के नजदीक बने तालाब पिंड ऊंचा होने के कारण जमीन को चूमने को आतुर बिजली तार के चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। घायलावस्था में ग्रामीणों ने कुडू सरकारी अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद बिजली विभाग के मिस्त्रियों ने घटनास्थल के नजदीक पोल गाड़कर तार ऊंचा करने का काम शाम तक किया।

# लोहरदगा पुलिस एसोसिएशन ने एएसआइ के निधन पर जताया शोक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पुलिस एसोसिएशन ने सोमवार को कुडू थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक एएसआइ संजय सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। उनके असामयिक निधन से पुलिस विभाग में मातम का माहौल है। वे एक कर्तव्यनिष्ठ, इमानदार और मिलनसार अधिकारी थे, जिनकी कमी पुलिस महकमे में हमेशा महसूस की जायेगी। संजय सिंह का रांची मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से गंभीर रूप से बीमार थे और ब्रेन हेमरेज के कारण अस्पताल में भर्ती थे। परिजनों ने उन्हें हजारीबाग से रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी तबीयत और बिगड़ती चली गयी और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। संजय सिंह को उनके सहयोगी और अधीनस्थ पुलिसकर्मी एक अनुशासित, मृदुभाषी और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जानते थे। वे हमेशा जनता के प्रति समर्पित रहे और अपराध नियंत्रण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके सहकर्मियों ने कहा कि संजय सिंह हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते थे। लोहरदगा पुलिस प्रशासन, अधिकारीगण और सहकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पुलिस एसोसिएशन ने कहा कि संजय सिंह की निष्ठा, इमानदारी और जनता के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जायेगा।

# गौसनगर कुटमु में सोलर लाइट का उद्घाटन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के गौश नगर कूटमु में स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव के सौजन्य से सोलर लाइट का उद्घाटन सोमवार कांग्रेसी नेता हाजी शकील अहमद, कमरूल जमा कुरैशी, पूर्व अंजुमन सचिव सफदर आलम वार्ड पार्षद हाजी अलीम कुरैश के द्वारा संयुक्त फीता काट कर किया गया। ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से गैस नगर कूटमु के लोगों के द्वारा सोलर लाइट की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर काफी ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर नेहाल कुरैश, मो. हफीज, जाकिर अंसारी , फिरोज अंसारी, कलाम अंसारी, शाहिद अंसारी, मकबूल अंसारी,कुर्बान अंसारी, हाजी सरफुल अंसारी, तहजीब अंसारी, इकरामुल अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सही काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संत मार्क विद्यालय के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर दो मोटर साइकिल के आमने सामने टक्कर में मोटरसाइकिल में सवार दोनों युवक घायल हो गये। दोनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से थाना प्रभारी ने इलाज के लिये अस्पताल भेजा। वहीं बताया जाता है की सेन्हा निवासी सुभान अंसारी का पुत्र 32 वर्षीय नेसार अंसारी उर्फ सीटन अंसारी अपना मोटरसाइकिल संख्या जेएच 19 सी 8945 में था। जो बिना नंबर का बाइक से टकरा गया। जिसमें नेसार अंसारी का एक पैर टूट गया। जिसे इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत रिम्स रांची रेफर कर दिया है। वही दूसरा मोटरसाइकिल बिना नंबर का था। जिसमे सवार युवक को हल्की चोटें आयी है। जिसे उसको एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। वही बिना नंबर मोटरसाइकिल कंडरा का बताया जा रहा है। जिसे सेन्हा थाना पुलिस ने दोनों मोटर साइकिल को जब्त कर सुरक्षित थाने में रखी है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक घायल हो गये हैं। जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया है।

# वाहन जांच अभियान में नौ बाइक जब्त

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार वाहन जांच चलाया जा रहा। जिस निमित पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर सोमवार को सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही लगातार वाहन जांच होने के कारण मोटरसाइकिल चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिससे पगडंडी रास्ते से बाइक लेकर चालक वाहन लेकर भाग रहें है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से बिना हेल्मेट का मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहन जांच के दौरान सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन का बैग, डिक्की, थैला एवं वाहन से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों का जांच किया गया।

# इंटर दूसरी पाली की परीक्षा में 804 परीक्षार्थी रहे शामिल

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड बनाये गये पांच परीक्षा केंद्र में सोमवार को इंटर की तीन परीक्षा केंद्रों में इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण रही। प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों में इंटर के 804 परीक्षार्थियों ने मंगलवार को हुई परीक्षा में भाग लिया वही दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा में 11 परीक्षार्थियों अनुपस्थित रहे। शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा का सफल आयोजन के लिए प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी टीम के प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज एवं अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने पुलिस बल के साथ सभी केंद्रों का निरीक्षण किया।

# बॉयोमीट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करें कर्मचारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार आगामी 4 मई को नीट-यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगाये गये सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर बॉयोमेट्रिक डाटा संग्रहण कर रहे कर्मचारियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि बॉयोमेट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करेंगे, जिससे कोई परीक्षार्थी बॉयोमेट्रिक उपस्थिति कराने से वंचित नहीं रह सके।

उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को लेकर केंद्र पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने हेतु दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी चार मई को जिले के केंद्रीय विद्यालय में अपराह्न 2:05 से 5:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सफलता के लिए जानकारी, विश्लेषण और आवेदन आवश्यक : डीसी

# पलामू जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला में 363 युवाओं को दिया गया ऑफर लेटर

**किसी काम को करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि सफलता के लिए जानकारी, विश्लेषण और आवेदन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है।ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। किसी काम को करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी है। वे सोमवार को चौथे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में युवक-युवतियों को मार्गदर्शन कर रहे थे। मेला का आयोजन झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। डीसी ने अनुशासन पूर्वक सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए जीवन शैली को बेहतर बनाने की सीख दी। उन्होंने एआई तकनीक, चैट जीपीटी आदि तकनीक के प्रयोग एवं उसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नई चीज सीखने की ललक होगी, तो भविष्य बेहतर कर पाएंगे। उन्होंने रोजगार उन्मुख गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। डीसी ने बालक-बालिकाओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। उन्होंने युवक-युवतियों के साथ द्विपक्षीए संवाद किया। दूसरी ओर, रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के लिए चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इसके साथ ही रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए ऑफर लेटर दिया गया। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इनकी योग्यता के अनुरूप 754 को शॉर्ट लिस्ट किया जा चुका है। अन्य आवेदकों के आवेदनों की जांच की जा रही है,ताकि उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान किया जा सके।



रोजगार मेला कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन व अन्य।

### रोजगार मेला बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का है बेहतर मंच : डीपीएम

डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से पलामू में 18549 स्वयं सहायता समूह बनाएं गए हैं। वहीं 1310 ग्राम संगठन एवं 60 संकुल संगठन है। इससे दो लाख 2000 से अधिक परिवार जुड़े है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिलवाकर सभी को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अलावा युवाओं को समय-समय पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार युवाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां युवा अपनी योग्यता के आधार पर कंपनी से संवाद स्थापित कर रोजगार प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू में आज आयोजित रोजगार मेला में 25 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। युवा अपनी रुचि-योग्यता के आधार पर कंपनी से संवाद कर इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

### रोजगार आपके द्वार आया है: अमित चौधरी

जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय से पहुंचे प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। यहां मेला आयोजित हुई है, कंपनियां आई हैं। यानी रोजगार आपके द्वार आया है। युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उनकी हुनर, स्कील के अनुरूप रोजगार और वेतन प्राप्त होगा। युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार तथा स्वरोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना उन्हीं में से एक है, जो ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा संचालित है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 35 वर्ष के युवाओं को, जो किसी कारण बस अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए, उन्हें विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराया जाता है। उधर, रोजगार के क्षेत्र में लक्ष्य के विरुद्ध बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रूप में सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान हुसैनाबाद, दूसरे पर हैदरनगर एवं तीसरे स्थान पर मोहम्मदगंज प्रखंड रहा। इनके बीपीएम को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय के प्रोग्राम मैनेजर (नियोजन) साईं दत्ता मुखर्जी, प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी, जेएसएलपीएस पलामू के जिला वित प्रबंधक इमरान अहमद, जिला प्रबंधक स्किल एवं जॉब नवल किशोर राजू, सोशल मोबिलाइजर प्रबंधक अख्तर अंसारी, जिला समन्वयक स्किल एवं जॉब संदीप मिश्रा सहित सभी प्रखंड के बीपीएम, सीसी, जॉब रिसोर्स पर्सन आदि मौजूद थे।

### कर्म ही पूजा है, का करें अनुसरण : डीपीआरओ

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार ने कहा कि सफलता के लिए मेहनत आवश्यक है। कर्म ही पूजा है, का अनुसरण हम सभी को करनी चाहिए। उन्होंने युवक-युवतियों को रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि रोजगार के लिए जाने के पूर्व किन-किन प्रमाण पत्रों, दस्तावेजों की आवश्यकता होगी, इसका मूल्यांकन कर साथ रख लें, ताकि आवश्यकता अनुसार उसे तुरंत प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों को डिजिटल लॉकर में रखने एवं तकनीक का सदुपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही अपने संबंधियों, सहयोगियों का मोबाइल नंबर अवश्य साथ रखने की बातें कही, ताकि विषम परिस्थितियों में उनसे संपर्क कर आवश्यक मदद ली जा सके। दूसरी ओर, श्रम अधीक्षक सह श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी एतवारी महतो ने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए प्रशिक्षण केंद्रों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से माइग्रेशन सेंटर खोला गया है, जहां प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बिरसा योजना सहित सहित सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### 4100 युवाओं को किया गया है प्रशिक्षित

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत पलामू के करीब 4100 युवाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, फील्ड तकनिशियन, वेयरहाउस पैकर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव जैसे विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया है। वहीं लगभग 2600 प्रशिक्षित युवा देश के विभिन्न कंपनी में कार्यरत हैं।

## उत्तराखंड दौरे पर रवाना हुए पर्यावरणविद् डॉ कौशल

**- देहरादून के मंसूरी में पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगं उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल सोमवार को उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरा पर रवाना हो गए हैं। वे उत्तराखंड के देहरादून, मसूरी में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। डॉ कौशल ने कहा कि उक्त सम्मेलन में तमिलनाडु समेत देश के कई राज्यों के पर्यावरणविद भाग लेंगे और हिमालय बचाओ एवं पद्म भूषण से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा की पत्नी विमला बहुगुणा की 13वीं श्राद्धकर्म में शामिल होंगे। सम्मेलन में अमेरिका के जॉब एजेंसी और नेपाल के सरोज शर्मा भी शामिल होंगें।

## मुखिया ने किया विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण, जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी ने सोमवार को विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। शोभिचक, रोंघा, पीठारी, बिश्रामपुर सहित स्कूलों के निरीक्षण के क्रम में छात्र-छात्राओं को मिलने वाले मिड डे मील में अनियमितता के साथ कई स्कूलों में समय से पूर्व ही ताला लटका पाया। वहीं मुखिया ने संबंधित प्रधानाध्यापक से फोन कर उनकी क्लास लगाई। हिदायत देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बच्चों को मिलने वाली शिक्षा और सरकार की ओर से दिये जाने वाले मध्यानभोजन और अन्य व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए। मुखिया ने स्कूली बच्चों से बात किया तो बच्चों ने बताया कि मध्यान भोजन प्रतिदिन नहीं मिलता है। आए दिन स्कूल से शिक्षक भी गायब रहते है। शिक्षक सिर्फ बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने पहुंचते है। बाकि के समय में अपने निजी कार्य में लगे रहते हैं। वहीं, प्रियंका कुमारी ने जिला शिक्षा अधीक्षक से अपील की कि विभाग ऐसे लापरवाह शिक्षक पर जांच कर कार्रवाई करें।1

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया पोषण ट्रैकर ऐप का प्रशिक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को पोषण ट्रैकर ऐप के सफल क्रियान्वयन को लेकर आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका कांति देवी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में हो रहे देरी को खत्म करने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से समय पर संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के बाद सभी सेविकाओं को काम करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से विकसित पोशन ट्रैकर एप सभी आंगनवाड़ी केंद्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और लाभुकों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग सक्षम बनाता है। वहीं, पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर ने बताया कि सेविकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों से संबंधित जानकारी को पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान सेविकाओं को मोबाइल पर पोषण कार्यक्रम लॉगिन कर विस्तार से जानकारी, गर्भवती महिलाएं, छह माह से उपर के बच्चों, तीन से छह आयु वर्ष के बच्चों और किशोरियों आदि के लिए संचालित पोषण कार्यक्रम के तहत अलग-अलग निबंधित लाभार्थियों के विवरण को पोषण ट्रैकर एप पर ऑनलाइन करने का तरीका बताया गया। इस मौके पर सेविका रश्मि देवी, अमविया प्रवीण, शमा प्रवीण, बबिता कुमारी, पूनम देवी, शारदा कुंवर, विद्यातिमा देवी, प्रीति सिंह, रिंकी देवी, मंजू देवी, अनिता देवी और बबिता देवी आदि मौजूद थी।

## भगवान शिव की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों ने निकाली कलश यात्रा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम कुकही टोला मुगलजान वासियों ने सोमवार को भगवान श्रीश्री शिव जी की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली। हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, कुकही ग्राम पंचायत की मुखिया रेनू देवी, पूर्व सैनिक महेंद्र प्रसाद, आचार्य दिनेश पाठक, पूर्व सैनिक प्रसाद सिंह, पूर्व सैनिक सुरेश तातवा, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, मृत्यूनजय प्रसाद, अजय प्रसाद और कृष्णा प्रसाद ने मुख्य यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं पत्नी आरती देवी को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। आचार्य जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भगवान शिव, माता पार्वती सहित सभी देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए मंदिर स्थल से सिर पर कलश लेकर कुकही नदी तक गईं। जहां जल उठाव कर वापस पहुंची। प्रखंड प्रमुख एवं मुखिया ने भगवान शिव की महिमा बताते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की। वहीं, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि टोला मोगलजान छोटा है, लेकिन यहां के सभी लोग देवी-देवताओं के पूजा पाठ मे काफी रूची रखते हैं। इस दौरान ग्राम भैंसाना, कुकही, नैकाडीह, मीर बीघा आदि गांवों के ग्रामीण उल्लास के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर पूर्व मुखिया जग नारायण मेहता, विनोद मेहता, राजेंद्र प्रसाद, राजेश मेहता, भोला पासवान, अंजनी सिंह, नरेश मेहता, बनारसी मेहता और उज्जवल मेहता आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 27-28 को लगेगा मोतियाबिंद शिविर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये दो दिवसीय शिविर आयोजित होने जा रहा है। शिविर में 27 फरवरी को नेत्र जांच और 28 फरवरी को ऑपरेशन किया जायेगा। इसकी जानकारी लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के निदेशक डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन फेंको मशीन की मदद से किया जाएगा। कहा कि जांच, दवा, ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण सब निःशुल्क होगा। इसके अलावा सभी मरीजों और अटेंडेंट का रहना-खाना भी मुफ्त होगा। इस मौके पर पार्षद सुनील चौधरी, दामोदर यादव, उपेंद्र तिवारी, इशारार हवारी आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर नप मुख्यालय में हुआ देशी कोल्ड ड्रिंक के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के पांडु रोड में देशी कोल्ड्रिंग एक्वा लाइफ वाटर नामक नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ सोमवार को हुआ। जिसका उद्घाटन पलामू जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राज कुमार पासवान, ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक उज्वल कुमार और पूर्व शाखा प्रबंधक भरत भूषण ने संयुक्त रूप से प्लांट में लगे मशीन का स्विच ऑन कर किया। महाप्रबंधक राज कुमार पासवान ने कहा कि यहां के छोटे-छोटे व्यवसायियों को बड़े शहरों में जाने की जरूत नहीं है। अब विश्रामपुर में ही उचित मूल्य पर सभी तरह के कोल्ड्रिंग उपलब्ध होंगें। वहीं, उज्वल कुमार और भरत भूषण ने कहा कि छोटे जगह पर इतने बड़े प्रतिष्ठान का खुलना यह संकेत देता है कि विश्रामप्ाुर विस क्षेत्र का विकास तेज गति से हो रहा है। प्रतिष्ठान के संचालक आलोक गुप्ता ने बताया कि यहां उचित मूल्य पर सभी तरह का कोल्ड्रिंग एवं पानी दुकानदारों को दिया जायेगा। मौके पर सुनेश्वर पाल,नवीन पाल, प्रदीप पाल और अरुण चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## लाइट खराब होने से हो रही समस्याएं : सदानंद महतो

**गोमो/धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोमो आरओबी में सुचारू रूप से प्रकाश व्यवस्था को लेकर आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने एडीएन गोमो-1, धनबाद डीआरएम और गोमो आरपीएफ के इंस्पेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने से ठीक से प्रकाश नहीं मिल पाने का आरोप लगाया है। कहा कि प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण सड़क दुर्घटनाएं एवं छिनतई की घटनाएं भी बढ़ गई है। अगर रेलवे विभाग संज्ञान नहीं लेता है तो इसकी शिकायत गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से की जाएगी।

## सभी से बंद सीएचसी को चालू कराने की मांग में शामिल होने की अपील



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सपा नेता कमलेश कुमार यादव ने बंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शहरी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की कवायद तेज कर दी है। उन्होंने दर्जनों समर्थकों के साथ सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के तरवन, रजवार, कोशडीहरा, पीपरा, भगत तेंदुआ आदि गांवों में पहुंच कर जनसंपर्क किया और जनहित में पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चालू कराने की मांग में शामिल होने की अपील की। सपा नेता ने पार्टी से उपकर उठकर जनहित में होने वाली 28 फरवरी के धरना प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की। कहा कि बंद पड़े सीएचसी भवन के चालू होने से आपातकालीन स्थिति में लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर कामेश्वर पासवान, समुचित पासवान, आदित्या सिंह, विजयमल चौधरी, प्रवेश, छोटू, प्रफुल, सुरेश सिंह, विरेंद्र पासवान, बिरेंद्र साह, रामाशीष पासवान, अनुज मिश्रा, भूषण पासवान, अरविंद ठाकुर, अजीत पासवान, रविंद्र राम, अनिल राम, विनय राम, प्रेम पासवान, मदन ठाकुर, देवप्रसाद, प्रसाद पासवान, अखिलेश, अरविंद पांडे, सामूहिक पासवान, अनुज सिंह, मुन्ना पासवान, संजय, बृहस्पत, शिवरत, दशरथ राम, प्रभु सिंह, उदित सिंह, सतनारायण साव, मो. अनीस, मो. नूर हसन, अशरफ हुसैन और मो आजाद आदि मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी निर्मल उरांव की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने महाशिवरात्रि पूजा शांति के साथ मनाने की अपील की। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार, भुवनेश्वर तूरी आदि थे।

## शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा: अरुणा शंकर

### भील की राजकुमारी माता शबरी के त्याग को भुलाया नहीं जा सकता

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर सोमवार को माता शबरी जयंती सह भुइंया परिवार के मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुईं। माता शबरी के बारे बताते हुए कहा कि माता शबरी भील समाज की राजकुमारी थी। उनका वास्तविक नाम श्रमना था, जो भगवान राम की परम भक्त थी। उन्होंने सालों तक भगवान राम और माता सीता की प्रतीक्षा की थी। माता शबरी को पशु-पक्षियों से बहुत लगाव था। माता शबरी ने विवाह नहीं किया और ऋषि मतंग की शिष्य बन गई। माता शबरी ने भगवान राम को झूठे बेर खिलाए थे। हमारे देश में शबरी धाम दक्षिण पश्चिम गुजरात के डांग जिले के आहवा से 33 किलोमीटर और सापुतारा से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर सुबीर गांव के पास स्थित है जहां हजारों लोग जाकर दर्शन करते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे भुइंया समाज के लोगों से कहना चाहूंगी कि आप भी अपने बच्चों को खास कर लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलाए तभी समाज का उत्थान होगा। इस अवसर पर सुनील भुइया, विश्वनाथ भुइया, राजू भुइया, रविंद्र, पारस नाथ भुइया आदि उपस्थित थे।

## माता शबरी मंदिर की मनायी गयी प्रथम वर्षगांठ



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप के वार्ड 16 में सोमवार को माता शबरी मंदिर का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों व डिजिटल लाइट से सजाया गया था। वर्षगांठ पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुआ। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, गांधी विचार मंच के संस्थाप अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि और भाजपा नेत्री किरण देवी ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की अध्यक्षता सामाजिक नेत्री सोना देवी और संचालन सुरेंद्र भारती ने किया। वहीं, भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम में गढ़वा के प्रसिद्ध गायक उदय हलचल और पलामू के पिंटू ब्यास ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी और होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, मणि राम, धनंजय पांडेय, सुदामा यादव, दामोदर यादव, विजय बवाली, सामाजिक कार्यकर्ता मोड्ड सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजय महतो, बबन बैठा, चंदन राम, देवांश राम और यदुनि राम आदि मौजूद थे।

# जेपीसी की बैठक में भाग लेने दिल्ली पहुंचे सुखदेव भगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार करने हेतु संसद की संयुक्त समिति जेपीसी का गठन किया गया है। कल दिनांक 25 फरवरी को जेपीसी की तीसरी बैठक का आयोजन नयी दिल्ली में किया गया है। इस बैठक में भाग लेने हेतु लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत दिल्ली के लिए हुए रवाना। सांसद कल बैठक में अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखेंगे। इस बैठक



में इस बार सुप्रीम कोर्ट के कई पूर्व न्यायाधीश भी शामिल होंगे

# टीपीसी का रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू गिरफ्तार, 15 लाख रुपये का था इनामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टीपीसी उग्रवादी संगठन के रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू को गिरफ्तार किया है। आक्रमण के गिरफ्तारी के संबंध में जो खबर आ रही है, उसके मुताबिक पुलिस के वरीय अधिकारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, कि कुख्यात उग्रवादी आक्रमण अपने पत्नी और भाई के साथ प्रयागराज से कुंभ नहाकर लौट रहा है।

इसी दौरान चतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आक्रमण को गिरफ्तार किया। पुलिस आक्रमण को गुप्त ठिकाने पर रखकर पूछताछ कर रही है। झारखंड



पुलिस को आक्रमण की लंबे समय से तलाश थी। वह हर बार पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में बचकर भागने में सफल रहता था. उसके खिलाफ हत्या लेवी वसूली समेत दर्जनों मामले अलग-अलग जिले में दर्ज हैं।

## झारखंड पुलिस और एनआइए के रडार पर था आक्रमण गंझू

एनआईए टेरर फंडिंग मामले में कांड संख्या आरसी 06/2018, 22/2018 और 23/2018 एनआइए डीएलआइ में बृजेश गंझू और आक्रमण गंझु को फरार घोषित किया है। आक्रमण के पकड़े जाने के बाद दस लाख इनामी आरिफ उर्फ शशिकांत और 25 बृजेश गंझू की तलाश झारखंड पुलिस और एनआईए को रहेगी।

## टेरर फंडिंग का आरोपी था आक्रमण

आम्रपाली व मगध कोलियरी प्रोजेक्ट में टेरर फंडिंग का मास्टरमाइंड आक्रमण और ब्रजेश गंझू है. पलामू जिले के पाकी में 23 नवंबर 2017 को उग्रवादी संगठन टीपीसी के श्याम भोक्ता को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद श्याम के पास से पुलिस ने पांच लाख नगद, एक पिस्टल, कारतूस और टीपीसी उग्रवादियों से जुड़े सामान को जप्त किया था। इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 9 जुलाई 2018 को एनआइए ने केस को टेकओवर कर जांच की शुरूआत की थी।

# 26 को मनायी जायेगी चपका शिव मंदिर की वर्षगांठ

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चपका शिव मंदिर का 15 वर्षगांठ 26 फरवरी बुधवार को मनाया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए दीपेश साहू ने बताया कि कलश यात्रा चपका के शिव मंदिर के पास से निकलकर बाबा धाम मंदिर नदी के पास जायेगी। वहां से जल लेकर घाघरा नगर भ्रमण करते पुनः चपका वापस जायेगी। जहां पर पूजा अर्चना किया जायेगा। साथ ही विशाल भंडारा आयोजन भी किया गया है। मंदिर समिति के लोगों ने अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में भक्तगण कलश यात्रा और पूजन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। वहीं भंडारे में भी प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपील किया गया है।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान और नवाचार को लेकर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान एवं नवाचार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के बच्चे बच्चियों के बीच क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन घाघरा ब्लॉक परिसर में किया गया। बीपीओ पुष्पा टोप्पो और अन्य शिक्षकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कराया जाना बच्चों में एक नए संचार का शुरूआत होगी बच्चे खुद को बेहतर स्थापित करने को लेकर बेहतर प्रयास करेंगे और पढ़ाई के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे। प्रथम से चतुर्थ स्थान तक आने वाले छात्रों को पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक सदय प्रताप जायसवाल, मनोज तिवारी, ज्योति नाथ, दीपक कुमार सहित कई शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्र उपस्थित थे।

# नेत्र जांच शिविर में 10 लोगों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन आज किया गया। जिसमें कुल 17 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ और 10 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया गया। साथ ही दवा चश्मा खाना नाश्ता भी निःशुल्क दिया गया रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉक्टर नवल और टीम के द्वारा यह ऑपरेशन का आयोजन किया गया था। जिनकी आंखों में किसी तरह की परेशानी है तो अगला जांच शिविर 2 मार्च 2025 का आयोजन किया गया है। जो भी मरीज इसमें लाभ उठाना चाहते हैं, वह अपना रजिस्ट्रेशन सचिव लायन अशोक कुमार जायसवाल के प्रतिष्ठान में आकर करा सकते हैं।

इस शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, एमजेएफ ला. शंकर लाल जाजोदिया, प्रथम उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रीता कुमारी गुप्ता, अरुण केशरी, योगेन्द्र प्रसाद साहू, शशि किरण जयसवाल, आप्थाल्मिक अस्सिटेंट सदानंद महतो, आशीष कुमार, संदीप कुमार बैठा समेत अन्य उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा विषय पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में जागरूकता बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के द्वारा पालकोट प्रखंड क्षेत्र के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में शिक्षा जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए मयूरी ट्रस्ट की ओर से चैताली कॉलेज का संचालन किया जा रहा है, कालेज में बीएड डीएलएड वकालत नर्सिंग एएनएम जीएनएम डीफार्मा बीफार्मा एलएलबी इंटर बीए एमए नीट के लिए एडमिशन जारी है। सामाजिक कार्य करने वाले स्टूडेंट को प्रोत्साहन भी मयूरी ट्रस्ट द्वारा की जाएगी, बीएड, बीपीएड के लिए पंजीयन चालू है। बैठक में मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता, शैल हनुमंत पंचमुखी महावीर मंदिर घोडलता गुफा के पूजारी शिवजी महाराज, समाजसेवी सोनम सिंह, अंजन सिन्हा, पंपापुर भवानी मंदिर के सदस्य आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# तेलंगाना टनल में फंसे मजदूर के परिवार से तेली समाज ने की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** तेलंगाना के टनल में फंसे मजदूर अनुज साहू के परिवार के लोगों से गुमला जिला तेली समाज के लोगों ने जाकर मुलाकात किया, और भरोसा दिलाया कि परिवार के लोग ज्यादा चिंतित नहीं रहे जल्द ही अनुज की रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया जायेगा। इस दरमियान तेली समाज के संरक्षक मुनेश्वर साहू और पूर्व जिला अध्यक्ष भूपन साहू के अलावा कई सदस्यों ने जाकर अनुज के माता गायत्री देवी और पिता राम प्रताप साहू से मुलाकात किया। मुनेश्वर साहू ने इस दरमियान कहा कि झारखंड सरकार सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड के जितने भी मजदूर टनल के अंदर फंसे हैं उसे निकालने के लिए तेलंगाना सरकार से सामंजस्य बना कर एक बेहतर प्रयास करें,ताकि सभी मजदूरों को सुरक्षित निकालकर परिजनों को सौंपा किया जा सके। इस दरमियान मुनेश्वर साहू ने कहा की परिवार के लोगों को हर संभव हम लोग मदद करने के लिए तैयार हैं और अनुज के सकुशल वापसी के लिए भी प्रयास करेंगे। इस मौके पर राम साहू मुन्ना साहू भुनेश्वर साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बालाखटंगा परसाटोली में वृद्ध ने लगायी फांसी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बालाखटंगा परसाटोली गांव में वृद्ध चरकु उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजदिया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतक चरकु उरांव और उसकी पत्नी घर पर रहते है। रविवार कि रात दोनों पति-पत्नी खाना खाकर अलग-अलग रूम में सोने चले गए। वही सुबह जब चरकू द्वारा घर का दरवाजा नहीं खोला गया आसपास के लोगों को बुलाकर मृतक की पत्नी ने दरवाजा तोड़वाकर देखा तो घर के छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे चरकू फांसी पर झूल रहा है और उसकी मृत्यु हो गई है।वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# टनल में फंसे मजदूरों को सकुशल वापस लाने पर राज्य सरकार विशेष ध्यान दे : प्रकाश उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला सचिव सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य प्रकाश उरांव ने कहा कि तेलंगाना प्रदेश में गुमला जिला के घाघरा, गुमला व पालकोट सहित आठ मजदूरों को सकुशल पूर्वक लाने पर राज्य सरकार विशेष ध्यान दे। श्री उरांव ने टनल में फंसे मजदूर एवं मजदूरों की हालात पर चिंता जाहिर करते हुए यह भी कहा कि राज्य में मजदूरों की स्थिति ठीक नहीं है। चाहे वो राज्य के अंदर काम करने वाले मजदूर हो या प्रवासी मजदूर, सुरक्षित रोजगार या काम के मामले में हमारे मजदूर का शोषण ही हो रहा है। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 5 मार्च 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित चेतावनी मार्च में मजदूरों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठायी जायेगी ।

# एंबुलेंस ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी गांव के समीप ट्रिपल बाइक सवार को एंबुलेंस ने टक्कर मार दिया। घटना में बिशनपुर थाना क्षेत्र के बाहर सेरका गांव निवासी 16 वर्षीय सूरज उरांव 18 वर्षीय बॉबी देओल लोहरा और किस्को ऊपर कोचा गांव निवासी विवेक बिरहोर घायल हो गया। घटना बाद एंबुलेंस घाघरा की ओर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक तीनों लड़के किस्को के ऊपर कोचा गांव अपने भगिना को लाने गए थे। जिसके बाद बाइक से अपने गांव बाहर सेरका लौट रहे थे। तभी देवाकी के समीप सामने से एक एंबुलेंस ने टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया। जहां इलाज के बाद तीनों को रविवार की रात 9 बजे सदर अस्पताल लाया गया। वहीं विवेक बिरहोर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वही दोनों लड़कों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# ट्रक के टक्कर से दो लड़के घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथ पुर पुल में सोमवार की शाम 5 बजे ट्रक के टक्कर से बाइक सवार ऊंच डीह कोनवीर निवासी अमित दास और पीतांबर सिंह घायल हो गए। घटना में पीतांबर सिंह को हल्की चोट लगी जबकि अमित दास का दोनों पर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक एक बाइक में सवार होकर दोनों पालकोट बाजार किसी काम से आए थे। इसके बाद अपने घर लौट रहे थे तभी नाथपुर पुल में एक ट्रक एक वाहन को ओवर टेक करने के क्रम में बाइक को सामने से टक्कर मार दिया। घटना के बाद बाइक के पीछे बैठे अमित दास का दोनों पैर पुल की रेलिंग में टकराया और दोनों पैर टूटकर छतिग्रस्त हो गया। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया।

# बिशुनपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के निष्पादन का सीधा प्रसारण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का निष्पादन कार्यक्रम में लाइव टेलीकास्ट का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिशनपुर प्रखंड के बिशनपुर पंचायत के मुखिया राम प्रसाद बड़ाईक ने किसानों से संबोधित करते हुए बताया कि जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी हो सकती है साथ ही साथ समेकित कृषि प्रणाली से टिकाउ आय के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में रवि उरांव ने किसानों को संबोधित करते हो क्या कहा



कि लाह की खेती हमारे लिए काफी उपयोगी है क्योंकि हमारे जिले में वनों की उपलब्धता होने के साथ-साथ इनमें पोषक पौधों की काफी अधिकता है जिस पर लाह की खेती आसानी से की जा सकती है। इस कार्यक्रम में भिखारी भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान को यह रस उपलब्ध होने पर यह अपने मुख्य रूप से तिलहनी एवं दलहनी फसलों के बीजों की खरीदारी आसानी से कर सकेंगे यह राशि आने वाले खरीफ मौसम के लिए काफी कारगर सिद्ध होगी। इस लाइव कार्यक्रम के अंदर या महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हम अगर जैविक एवं रासायनिक खेती के अंतर को समझ लेंगे तो हम आने वाले दिनों में जैविक खेती को बढ़ावा देने में अपना विश्वास रखेंगे क्योंकि रासायनिक खेती से है जहां प्रकृति को नुकसान हो रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 200 किसान भाई बहनों ने भाग लिया।

# वाहन के पलटने से 22 लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लंगड़ा मोड सिलफरी में सफारी वाहन के पलटने से वाहन में सवार 22 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले जाया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सिसई के सकरौली निवासी शनिचरिया उराव गुमला के करम टोली निवासी गणेश उरांव और सिसई की लकेया निवासी कुंती देवी को सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक सभी कटकाही गांव बच्चे के छठी कार्यक्रम में भाग लेने गए थे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रविवार की शाम 6:00 बजे वापस लौट रहे थे लोगों ने बताया सफारी वाहन का चालक कार्यक्रम में शराब का सेवन कर लिया था इसके बाद लंगड़ा मोड शिलफरी में वाहन अनियंत्रित होकर तीन चार बार पलट गया घटना में वाहन में सवार सभी को चोट लगी।

# गुमला में पेयजल संकट दिनों-दिन गहराता जा रहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहर में नगर परिषद की लापरवाही के कारण पेयजल संकट दिनों-दिन गहराता जा रहा है। मेन रोड, बड़ाइक मोहल्ला, डीएसपी रोड, थाना रोड, जवाहर नगर और पालकोट रोड जैसे प्रमुख इलाकों में वर्षों से जल आपूर्ति बाधित है। कुछ घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है, तो कुछ क्षेत्रों में गंदा, बदबूदार और दूषित पानी आ रहा है, जिससे लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो रहे हैं।

**गर्मी से पहले हालात और बिगड़ने की आशंका**

गर्मी के मौसम की शुरूआत होते ही पानी की किल्लत और भी गंभीर हो सकती है। नागरिकों का कहना है कि वे इस संकट से पिछले कई वर्षों से जूझ रहे हैं, लेकिन नगर परिषद द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोग महंगे टैंकरों और निजी जल स्रोतों पर निर्भर होने को मजबूर हैं, जबकि कई परिवारों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

**गंदे पानी से स्वास्थ्य संकट बढ़ा**

जिन क्षेत्रों में पानी आ रहा है, वहां भी उसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। पीले, बदबूदार और अशुद्ध पानी के कारण पेट संबंधी बीमारियां, जलजनित संक्रमण और त्वचा रोग जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नगर परिषद और जल विभाग की लापरवाही से हजारों लोग इस गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।

## स्पोर्ट्स



प्रभात कुमार महतो के 101 रनो की शतक व निशांत कुमार 48, राहुल राज 38,नवाजूर रहमान 28, आशीष 20रनो के सहारे निर्धारित 50 ओवरो में आठ विकेट के नुकसान पर 340रन बनायें।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में रामगढ़ ने दुमका को 212 रनों से हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** रामगढ़ के प्रभात महतो के बेहतरीन शतक व आशीष के पांच विकेट के बदौलत रामगढ़ ने दुमका को 212रनो के विशाल अंतर से पराजित किया. जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 राज्य स्तरीय मुकाबले में सोमवार को रामगढ़ की टीम ने दुमका के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अच्छी शुरूआत के साथ प्रभात कुमार महतो के 101 रनो की शतक व निशांत कुमार 48, राहुल राज 38,नवाजूर रहमान




28, आशीष 20रनो के सहारे निर्धारित 50 ओवरो में आठ विकेट के नुकसान पर 340रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। दुमका के प्रीत सिंह को तीन व अंकित राउत को दो विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुमका की पूरी टीम 23.3 ओवरो में 128रनो पर सिमट गयी। टीम की ओर से अंकित राउत ने 48,अंकुश राउत 23व सचिन कुमार ने 19रनो का योगदान दिया. रामगढ़ के आशीष ने पांच विकेट चटकाये। रोहित को दो व विकास, मोहम्मद शोहल को एक-एक विकेट मिला। रामगढ़ के प्रभात महतो मैन ऑफ द मैच बने। टीआरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर कांजीलाल, ओपी राय, जिला संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह ने प्लेयर ऑफ द मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. मौके पर मनोज चौधरी, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सन्नी साहू, शशि प्रकाश, मधुसूदन उरांव, बिनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे।

# ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन के लिए शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में ऑनलाइन दाखिल-खारिज के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराने हेतु शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी अंचलों में विशेष कैंप के माध्यम से शुद्धि पत्रों का वितरण किया जा रहा है।

जिले में वर्तमान में ऑनलाईन दाखिल-खारिज के कुल 808 मामले लंबित हैं, जिनमें से 72 मामले बिना आपत्ति के 30 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जबकि 9 मामले आपत्ति सहित 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। इन लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कर शुद्धि पत्रों का



वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

सोमवार को जिले के सभी प्रखंडों में शुद्धि पत्र वितरण दिवस का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 106 शुद्धि पत्रों का वितरण किया गया। इस अभियान को गति देने के लिए आगामी 10 मार्च एवं 24 मार्च को भी इसी प्रकार का आयोजन किया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक रैयतों को लाभान्वित किया जा सके।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुमला सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु समुचित कदम उठाएं एवं निर्धारित तिथियों पर अधिकतम रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### जहर खाने से विवाहिता की मौत, मृतका के परिजनों का हंगामा

# आपस में भिड़े ससुराल और मायका पक्ष, चले लात-घूंसे

### ससुराल पक्ष पर लगाया जहर देकर हत्या करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के दुलुमडीह-चकपलैया गांव में एक नवविवाहिता की जहर खाने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान पानमुनी कुमारी के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर जोबरदाहा-पूर्वी टुंडी निवासी मृतका के परिजन चकपलैया गांव पहुंच गये और जमकर हंगामा किया। मृतका के पति प्रेमनाथ मुर्मू और उसके परिजनों पर पानमुनी को प्रताड़ित कर जहर देकर हत्या करने आरोप लगाया। इस दौरान दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़ गये।



दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। हालांकि गांव के लोगों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद मृतका के पति प्रेमनाथ मुर्मू ने अपने ससुराल वालों पर मारपीट कर उसे घायल कर देने का आरोप लगाया है।

#### क्या है मामला

छह महीना पहले ही पानमुनी की शादी प्रेमनाथ मुर्मू से हुई थी। शुरू में सब कुछ ठीक रहा। पर उसके बाद कथित रूप से प्रेमनाथ और उसके घरवाले पानमुनी के साथ खराब व्यवहार करने लगे। दूसरी ओर, महिला की मौत और हंगामे-मारपीट की सूचना पाकर बरवाअड्डा पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम को धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। इस संबंध में बरवाअड्डा पुलिस ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद ही कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## बंदूक का भय दिखाकर बाइक पर्स और मोबाइल की छिनतई

**- पुलिस की तत्परता से बाइक बरामद, पर बदमाश फरार, तलाश जारी**

**महुदा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कतरी पूल के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति से पिस्तौल का भय दिखाकर बाइक, पर्स और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। इस बाबत पुटकी के श्रीनगर निवासी लाल धारी यादव ने बताया कि वो मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी में वोल्वो ट्रेनर के पद पर कार्यरत हैं। वह काम से बेनीडीह जा रहा था। जब वे कतरी नदी पार करने के बाद चढ़ाई पर पहुंचे, तो तीन बाइक सवार बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। उसके सामने पिस्तौल तान दिया और उसकी बाइक के साथ ही पर्स और मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद गाली गलौज करते हुए झाड़ी में धकेल कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित झाड़ी से बाहर निकला और महुदा थाना पहुंच कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद महुदा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने कपूरिया मोड़ और रामपुर तक छानबीन की, जहां पुलिस को देख अपराधी लूटी हुई बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लेकर महुदा थाना भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अपराधी जल्द ही पकड़े जाएंगे। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में जांच तेज कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है।

## अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसी, एक की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र वेस्ट मोदीडीह पीटीपीएस कोलियरी क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंस जाने से मलवे के नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि इसी हादसे में 12 साल की एक किशोरी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि घायल किशोरी मृतक की बेटी है। हालांकि बीसीसीएल प्रबंधन ने इस तरह की किसी भी घटना से इनकार किया है। जानकारी के मुताबिक बीसीसीएल के कतरास थाना अंतर्गत एके-डब्ल्यूएमसी में संचालित बीएस माइनिंग में इस दिन अवैध उत्खनन किया जा रहा था। तभी अचानक से चाल धंस गया, जिसकी चपेट में आकर उत्खनन कर रहा एक व्यक्ति और उसकी बेटी मलबे के नीचे दब गये। इससे वहां कुछ देर से लिए अफरा-तफरी जैसा माहौल पैदा हो गया। हालांकि वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से तुरंत मलवे में दबे व्यक्ति को बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल के जिसे किसी नीजि नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। उधर, घचना के बाद कोयला माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## धनबाद के एसएनएमएमसीएच में ऑक्सीजन गैस पाइप लीक होने से मची अफरा-तफरी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में जनरल (मेल-फीमेल) वार्ड के पास अचानक तेज आवाज के साथ जनरल (मेल-फिमेल) वार्ड के पास अचानक तेज आवाज के साथ ऑक्सीजन गैस पाइप लीक होने से अफरा-



तफरी का माहौल पैदा हो गया। इसकी सूचना पाकर एसएनएमएमसीएच प्रबंधक तुरंत हरकत में आया और ऑक्सीजन सप्लाई को बंद कराया। बतातें चलें कि ऑक्सीजन सप्लाई के लिए अस्पताल में ही प्लांट लगा है, जहां से पूरे वार्ड में मरीजों को ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाती है। वहीं, सबसे पहले ऑक्सीजन सप्लाई बंद करने के बाद फॉल्ट वाले स्थान की मरम्मती की गई। फिलहाल, मेडिसिन वार्ड यानी जनरल मेल फीमेल वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई बंद कर दी गई है, जबकि शेष वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई सामान्य है। वहीं प्लांट की देखरेख करने वाली पुष्पा सेल प्राइवेट कंपनी को इसकी सूचना दे दी गई है।

### आइआइटी-आइएसएम ने किसानों के लिए आयोजित की उपचार कार्यशाला

# मिट्टी की सेहत और पौधों की बीमारियों के प्रबंधन को लेकर दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइआइटी-आइएसएम के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग ने प्रो रश्मि सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ प्रखंड में किसानों के लिए एक दिवसीय उपचार कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की कृषि समस्याओं, विशेष रूप से मिट्टी की सेहत और पौधों की बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान देना था। इस पहल के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को कृषि से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी एवं आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। बतातें चलें कि कर्माटांड़ प्रखंड भौगोलिक और कृषि दृष्टि से विविधतापूर्ण क्षेत्र है। जिसमें मैदानी और ऊबड़-खाबड़ भूभाग शामिल हैं। यहां का मध्यम जलवायु विभिन्न प्रकार की फसलों जैसे धान, मक्का, दालें, तिलहन और सब्जियों की खेती के लिए अनुकूल है। इस क्षेत्र की प्रमुख मिट्टी-लाल और लैटेराइट-कृषि उत्पादन के लिए कई प्रकार



की चुनौतियां और अवसर प्रस्तुत करती हैं। किसानों को गहरी जानकारी देने के लिए परियोजना की प्रमुख अन्वेषक प्रो रश्मि सिंह ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से दो प्रमुख वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया। डॉ अरविंद कुमार, जो एक प्रसिद्ध मिट्टी विशेषज्ञ हैं ने मिट्टी की सेहत और उसकी उर्वरता बढ़ाने की प्रभावी रणनीतियों पर एक उपयोगी सत्र लिया। वहीं, पौध रोग विशेषज्ञ डॉ एमके बर्नवाल ने प्रमुख पौध रोगों और उनके समाधान पर चर्चा की, जिससे किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा एवं उत्पादन में सुधार करने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस कार्यशाला में आइआइटी आइएसएम धनबाद के शोधकर्ता दीप चौधरी, पवन कुमार, निलेश कुमार, सन्नी, आनंद चंद्र साहू और सुमना बनर्जी ने भी भाग लिया। उन्होंने नवीन कृषि तकनीकों और स्थायी खेती के तरीकों पर उपयोगी चर्चाएं की, जिससे सभी उपस्थित किसानों के लिए यह एक ज्ञानवर्धक अनुभव बना। यह कार्यशाला स्थानीय किसानों को वैज्ञानिक जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस तरह के प्रयासों से आईआईटी आईएसएम धनबाद अनुसंधान और व्यावहारिक उपयोग के बीच की दूरी को पाटते हुए क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा दे रहा है। रविवार को इसी तरह की एक कार्यशाला जमताड़ा के नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न हिस्सों से आए 135 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

## जागृत मंदिर में महाशिवरात्रि की भव्य तैयारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि त्योहार को भव्य तरीके से मनाने के लिए चिरागोड़ा जागृत मंदिर में तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर कमेटी श्रद्धालु मिलकर इस अवसर को यादगार बनाने में जुटे हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रौशनी और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है। विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन की तैयारी है। मंदिर के सह सचिव बिल्लू गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भाग लेंगे। साथ ही, धार्मिक प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। लोगों की भीड़ की आशंका को देखते हुए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, ताकि भक्तजन सुचारू रूप से दर्शन कर सकेंगे। किसी को कोई परेशानी ना हो।


## पलाश (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी)
## जिला मिशन प्रबंधन इकाई, चतरा

### रोजगार सृजन मेला 2025

चतरा जिले के बेरोजगार युवक और युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से पलाश (JSLPS) जिला मिशन प्रबंधन इकाई, चतरा के द्वारा दिनांक 27 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को पूर्वाहन 10-00 बजे से 3-00 बजे अपराहन तक DRDA प्रशिक्षण भवन (DMFT Hall), चतरा (सिविल कोर्ट रोड, विकास भवन के पीछे) परिसर में रोजगार सृजन मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ उठाये :–

1- आधार कार्ड। 2- उच्चतम शैक्षिणिक प्रमाण पत्र। 3- आयु प्रमाण पत्र।

इस रोजगार सृजन मेला में संगठित क्षेत्र के निम्नलिखित नियोजको के द्वारा उपस्थित रहने की सहमती प्रदान किया गया है।

| क्र. सं. | भर्तीकर्ता का नाम | नियुक्ति के लिए (मूल नियोक्ता का नाम) | पात्रता | लिंग | वेतन | नौकरी का स्थान | पद हेतु नियुक्ति | अन्य सुविधाएँ | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SkillzDesk Pvt Ltd | Haier Appliances | ITI, Graduate, Polytechnic | Male & Female | 16621-20225 | PUNE | Assembly Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 200 |
| 2 | | Tata electric Mobility Ltd | 12th Pass Or ITI(2 years) | Male & Female | 14520/- | Ahmedabad | Manufacturing Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 300 |
| 3 | | Jaya Hind Industries(Force Motors) | Polytechnic pass | Male | 22000/- | PUNE | Diploma engineer Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 50 |
| 4 | | Rucha Engineering | 10th,12th,ITI | Male | 14000-16000/- | Mysore | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 5 | | Vikas Group | 12th, ITI, Polytechnic | Male & Female | 13000-18000/- | Faridabad(Delhi/NCR) | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 6 | | Apollo Tyres | ITI/DIPLOMA/ GRADUATE | Male | 16000 (ITI), 17000 (Diploma/ Graduate) | Chennai | Trainee | Canteen + Hostel+Bonus | 100 |
| 7 | 2 coms | Electrosteel Castings Limited | 100/Fitter, Welder, Turner, Electrician, Machinist, Mill Wright Fitter: Fitter 30 | Male | 16000 Stipend | SriKalahasti( Tirupati) | Apprentice Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7,Subsidized Breakfast at Rs. 8+OT | 130 |
| 8 | | Exide Battery | 8th/10th/12th/ITI (8th pass for Tiruvottiyur only) | Male | 14650 Stipend | Chennai | Apprentice Trainee | Food+Accomodation Free | 50 |
| 9 | Atlas Export Enterprises | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Special Machine Operator | | 75 |
| 10 | | Atlas Export Enterprises | 8th Above | Female / Male | 10000 TO 12000 | Karur- Tamil Nadu | Sewing Machine Operator - Tailor | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 11 | | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female/ Male | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Packer | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 12 | | Atlas Export Enterprises | Bsc - Nursing | Female | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Nurse | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 5 |
| 13 | | Atlas Export Enterprises | Graduate | Male | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Security Guard | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 20 |
| 14 | NTTF | Schneider Electric & INDO MIM (Bangalore) | 10th 12th & ITI Pass out | Male & Female | Rs.14100 to Rs. 15600 | Bangalore | Trainee | Medicalim Insurance Uniform Shoes & Study Material | 250/250 |
| 15 | Auburn Design Pvt Ltd | Auburn Design Pvt Ltd | 18-24 Year old | Female | 16000 CTC | Pancha, Ranchi Tata Road | Flat Lock & Over Lock Operator | ESIC & EPF | 200 |
| 16 | Aquila Consultants | Apollo Tyres | ITI/Diploma/Graduate | Male | 16000(ITI) / 17000(Diploma) | Chennai | Apprenticeship Trainee | Food,Acccomodation,Medical Insurance,Attendance Bonus | 300 |
| 17 | | Tata Motors Electric Passenger Vehicles | 12th/ITI/Diploma | Male/ Female | 14500 | Sanand(Gujrat) | Trainee | Food,Acccomodation,Medical Insurance,Free diploma | 200 |
| 18 | | Electrosteel Castings Limited | 12th/ITI/Diploma | Male | 17000 | Tirupati | Apprenticeship Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7 Subsidized Breakfast at Rs. 8 | 200 |
| 19 | CREATIVE ENGINEERS | HONDA | 10th,12th,ITI | MALE | GROSS-17400 / NET-15107/ATTENDANCE BONUS-1000/ NIGHT SHIFT ALLOWANCE-1200/ OVERTIME-158/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI /YEARLY BONUS - 12065/LEAVE WITH ENCASHMENT - 14615/VARIABLE PAY -5500/DIWALI BONUS- 2700/DUTY TIME FOOD/TRANSPORTATION/700000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 5124 |
| 20 | | WISTRON | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | GROSS-18700 / NET-15293/ OVERTIME-139/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / QTY LEAVE WITH ENCASHMENT - 2193/ FREE TRANSPORTATION/DUTY TIME FOOD/500000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3363 |
| 21 | | FOXCONN | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | CTC- 17750/ GROSS-15089 / NET- 13173 | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / A SHIFT ALLOWANCE - 50/B SHFT ALLOWANCE- 25/C SHIFT -50/ FREE ACCOMODATION/ FREE TRANSPORTATION/400000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3056 |
| 22 | TALENT CONNECT SERVICE | MATE Motherson Group Of Companies | 10th / 12th / ITI | Male/Female | 10th / 12th - Rs. 11002/-For 8 Hours ITI - Rs. 11552/- For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 13373/- For 8 Hours | Manesar, Haryana | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 100 |
| 23 | | Marelli Motherson Automotive Lighting India Pvt. Ltd. | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th - 11000 ITI - 11500 Diploma - 13000 OT-Per hrs 110 Diploma OT - 125/ Hour | Bawal, Haryana | Appearentice Trainee | • Attendance Award Rs 750/Month for 26 days working • Canteen Available - Rs. 500 (1 Time Meal & 2 times and snacks) | 100 |
| 24 | | Elcon Banshu Wiring System | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th passed -11056/ ITI -12526/- Diploma -15001/- | A-47 (A) Industrial area Khushkhera, Bhiwadi, Alwar Rajasthan-301017 | Appearentice Trainee | Attendance Award - 800 for 26 Days Canteen Yes-10 Rs Subsidized Transportation - Free | 200 |
| 25 | | UNO MINDA GROUP | 10th, 12th or ITI PASS | MALE/ Female | 10th / 12th - Rs. 14500/-For 8 Hours ITI - Rs. 16500/-For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 17100/-- For 8 Hours | DEKAVADA, GUJRAT | CNC MACHINE OPERATOR, JOB | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 26 | | FIEM INDUSTRIES | GRADUATION,ITI, DIPLOMA | Male/ Female | Graduation - 18000/- ITI - 18500/- Diploma - 20000/- | KARSANPURA, GUJARAT | Appearentice Trainee | Subsidized Food + Tea With Snacks DUTY HOURS:- 12. DAYS :- 26 | 200 |
| 27 | | VEE GEE PVT LTD | GRADUATION ,ITI, DIPLOMA | Male | Graduation - 19500 ITI - 21000/- Diploma - 24000/- | VITHLAPUR, GUJARAT | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 150 |
| 28 | Sun Vaccume former india ltd | Sun Vaccume former india ltd | Diploma ( Mechanical,Electrical) | Male | 16500 | Kadi,Mehsana ,Gujarat | Machine Operator | Canteen , Safety shoes,uniform | 50 |
| 29 | ARYAN ALLIANCE PVT LTD | JBM PVT LTD | 10th / 12th / ITI | Male/ Female | 10th / 12th - Rs. 18400/--For 12 Hours ITI - Rs. 19900/-For 12 Hours Skilled /Experienced - Rs. 22000/-- For 12 Hours , Welder-23000/- For 12 Hours | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - PF &ESI Medical Insurance - As per company norms. | 200 |
| 30 | | MUNJAL PVT LTD | ITI OR DIPLOMA PASS | MALE/ FEMALE | ITI PASS 16500/- and DIPLOMA PASS 18500/- | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 31 | Utkarsh Small Finance Bank | Utkarsh Small Finance Bank | Inter/Graduate | Male | | Pan Jharkhand | Trainee Credit Officer | PF & ESI /MONTHLY INCENTIVE - UPTO Rs 25000/ACCOMODATION FACILITY/ MEDICAL INSURANCE COVERAGE-Rs 200000 per year /-TERM INSURANCE - Rs 1000000. | 200 |
| 32 | Empolyability bridge | Anand Group | Diploma Fresher Age Up to 22 yr | M/F | 18600/- | Pan India | OET | Permanent Job with Hostel,Food,Transport,ESI. Best carrier growth | 100 |
| 33 | | MRF | Diploma/Btech/Graduate Age Up to 25yr | M | 19400 to 20500 | Gujarat | Machine Opetaror(LEAD) | Hostel,Food,Transport | 100 |
| 34 | | Jaya Hind | Diploma/Btech | M | 22,000/- CTC | Pune | DAT/DET/GET | ESI,PF,Transport,Canteen,No Hostel | 100 |
| 35 | | Diken Aircondinating | Diploma with backlog & Experiance/BSC-Chemistry,Physics, Mathematics | M | 222000/- CTC(12500/- in hand + 2530 PF + 5000 veriable pay every 3 month+ ESI+Gratuty+Term Plan) | Sricity Tada Andhra Pradesh | DET/SGT | Parmanent Job,Second year DET,3rd year Jr Enginner, second year CTC- 2,67,000/-,3rd year CTC-3,26,000/-, Very pleasant working environment, two department-Production & Quality, Free Transortaion up to 30km,sunbsdized meal,Free Uniform & Shoes | 100 |
| 36 | | Imperial Auto | ITI-Mechanical,Electrical,Fitter ETC | M | 16500/-in hand (12500 basic+ DBT+Attendence Bonus) | Faridabad Near NCR | Trainee | Hostel( Self Pay), Food& Transport on subsdized, Permanent Job | 100 |
| 37 | GSA Foundation | Silver consumer pvt ltd | 10th,12th, ITI,diploma,Graduate | male and female both | ITI,10th ,12th-14000 stipend, diploma+graduate -17000 stipend | RAJKOT GUJRAT | QC,ASSEMBLY,MACHINE OPERATOR | Canteen+ OT 68rs per hour,Room provided by the company | 300 |
| 38 | Straggle Heath Care Trading Pvt.Ltd. | Manufacturing | 8th,10th,12th, Graduation, PG, iti, Diploma | Male, Female | 13500 - 22500 | Jharkhand, Bangal, Udisha Chattisgarh | | Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production | 180 |
| 39 | TEXTURE CLOTHING COMPANY | Garemnt Manufacturer and Exporter | 8 th , 10 th, 12th Any Graduation | Male & Female | 10500 to 18000 [ take home ] | Tirupur - Tamil Nadu | Sewing Machine operator, SMO / ST / SET / Packer ,Checker, Ironer , Fresher | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 150 |
| 40 | Optival Health Solutions Pvt Ltd (MedPlus) | MedPlus | 10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | CSA for Retail outlet | Room, Incentive, Retention bonus, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA | 200 |
| 41 | | MedPlus | 10th Fail,10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | Junior Assistant for Warehouse | Room, Night Allowance for Male, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA, Food 2 times in a day. | 200 |
| 42 | VKS HR Services | TVS and Kiya | 10th, 12th, ITI diploma, Graduate | male and female both | 14800 ctc | Bangalore Andhra, Hosur | Warehouse , manufacturing picking packing | two time meals, transporttion for ladies | 200 |
| 43 | REEDS Society | Gokaldas Exports | 8th pass | Female | Rs 12,000 + of total 3600 | Bangalore | Sewing machine operator | Medical coverage of 1,50,000 | 600 |
| 44 | Integrated Personnel Services Limited | Integrated Personnel Services Limited | Diploma ( Mechanical,Electrical,Electronics) | Male | 18000/- | Mumbai_Khopoli | Production & Quality Mantantance | Normal Accommodation charges Weekly 1 Day off Annual Bonus Company Transport pick up and drop available | 100 |
| 45 | Shahi Exports | Shahi Exports | 8th pass | Female ,Male both | 12222/- | Bangalore | Sewing machine operator | | |
| 46 | Quess Corp Ltd | Quess Corp Ltd | 12th/Iti | Male/Female | 12012 Stipend+2500 Attendance Bonus | Sanand,Ahmedabad,Gujarat | Production Trainee | Subsidized Canteen And Transport | 1000 |
| 47 | | Quess Corp Ltd | 10,12, Iti (Female Only) & Diploma | Male/Female | RS. 18950 CTC | Kolar ,Bangalore | Operator | Canteen And Transport | 500 |
| 48 | | Quess Corp Ltd | ITI & 10th and Inter | Male/Female | Rs.16404 Ctc | Gagillpur,Hyderabad | Assembly Operator | Canteen And Transport | 100 |
| 49 | | Quess Corp Ltd | 10th,12th,Iti | Male | Rs. 17500 Nth | Chennai | Trainee | Accomodation And Canteen | 200 |

PR 347044 (Chatra) 24-25 (D)

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला मिशन प्रबंधन इकाई जे.एस.एल.पी.एस., चतरा।

### भोपाल में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का आयोजन

# मिडिल क्लास को सशक्त करने के लिए कई कदम उठाये : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भोपाल।** भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया को भारत से बहुत सारी उम्मीदें हैं। वे चाहे सामान्य जन हों, नीतिगत जानकार हों, देश हों या फिर संस्थान हों। पिछले कुछ हफ्तों में जो कमेंट आये हैं, वो भारत के हर निवेशक का उत्साह बढ़ाने वाले हैं।

विश्व बैंक ने कहा है भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकॉनॉमी बना रहेगा। मोदी ने कहा कि यूएन की एक संस्था ने भारत को सोलर पावर की सुपर पावर कहा था। यह भी कहा, जहां कई देश सिर्फ बातें करते हैं, वहीं भारत नतीजे लाकर दिखाता है। समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव के समय मैंने कहा था कि अपने तीसरे टर्म में हम तीन गुना तेजी से काम करेंगे। ये आप साल 2025 के पहले 50 दिनों में देख रहे हैं। इसी महीने हमारा बजट आया है। इसमें मिडिल क्लास को एमपॉवर करने के लिए कई कदम उठाये हैं। 12 लाख तक इनकम टैक्स फ्री की है। आरबीआइ ने भी ब्याज दरें घटायी हैं।

पीएम मोदी ने एमपी को लेकर कहा कि जहां कभी खराब सड़कों के कारण बसें तक नहीं चल पाती थीं. वो एमपी आज देश की इवी क्रांति के लीडिंग स्टेट में से एक है। जनवरी 2025 तक करीब दो लाख इवी एमपी में रजिस्टर्ड हुए। ये करीब 90 फीसदी ग्रोथ है।

पीएम मोदी ने इससे पहले समिट की शुरुआत करते हुए कहा कि 10वीं-12वीं की परीक्षा के कारण यहां आने में देरी हुई, इसके लिए क्षमा चाहता हूं। बच्चों की सुविधा को देखते हुए मैंने अपना कार्यक्रम बदला।

### एमपी की 18 से अधिक नयी नीतियां भी लॉन्च

पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 18 से अधिक नयी नीतियां भी लॉन्च कीं। कार्यक्रम में प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म मध्य प्रदेश-अनंत संभावनाएं का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत पर केंद्रित लघु फिल्म इंडिया ग्रोथ स्टोरी का भी प्रदर्शन किया गया।

### अडाणी ग्रुप 1.10 लाख करोड़ का निवेश करेगा

इस मौके पर वीडियो मैसेज में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने माइनिंग, स्मार्ट व्हीकल, थर्मल एनर्जी सेक्टर में एक लाख 10 हजार करोड़ निवेश का एलान किया। उन्होंने कहा कि इससे सन 2030 तक 1 लाख 20 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। सरकार के साथ बातचीत के बाद स्मार्ट सिटी, एयरपोर्ट और कोल बेड एरिया में एक लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त इन्वेस्ट करेंगे।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल के कार्यालयों में नैतिकता सप्ताह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नैतिक मूल्यों को बनाये रखते हुए टाटा पावर और ओडिशा सरकार के संयुक्त उद्यम टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने सोमवार को बुर्ला में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में नैतिकता सप्ताह का शुभारंभ किया। टाटा समूह के संस्थापक स्वर्गीय जमशेदजी नुसेरवानजी टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में टाटा समूह के तहत सभी संस्थाओं द्वारा हर साल नैतिकता सप्ताह मनाया जाता है। जमशेदजी नुसेरवानजी टाटा का जन्म 3 मार्च 1839 को हुआ था। इसलिए हर साल 3 मार्च से पहले के सप्ताह को टाटा समूह द्वारा नैतिकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य नैतिक सलाहकार पीपी तेंदुलकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कसमस लाक्रा और विभाग के अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने दीप जला कर किया और टाटा समूह के निर्माताओं की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य नैतिक सलाहकार पीपी तेंदुलकर ने कर्मचारियों को अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में टाटा आचार संहिता को पढ़ने और उसका अनुकरण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को टाटा आचार संहिता में उल्लिखित सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी, जो टाटा ग्रुप के संस्थापक की नैतिकता पर आधारित है।

टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण बर्मा ने नैतिकता सप्ताह के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि नैतिकता केवल एक मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका मुख्य लक्ष्य है, जो हमारे हर निर्णय का मार्गदर्शन करती है। इसी प्रकार यह नैतिकता सप्ताह टीपीडब्ल्यूओडीएल के सभी मंडल कार्यालयों यथा- संबलपुर, बरगढ़, बलांगीर, राउरकेला और भवानीपटना में मनाया गया। इसमें अधिकारियों समेत सभी कर्मचारियों ने टाटा समूह के संस्थापक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया।

# सुंदरगढ़ में कुल्दा ओसीपी के लिए हुई जनसुनवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के बसुंधरा क्षेत्र के अंतर्गत कुलडा खुली खदान परियोजना (ओसीपी) हेतु प्रस्तावित खदान विस्तार के लिए सार्वजनिक जन सुनवाई ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले के पांच स्थानों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उच्च न्यायालय, ओड़िशा के निर्देशों के तहत 18 फरवरी से 20 फरवरी तक जन सुनवाई आयोजित की गयी थी। इसमें खनन क्षेत्र को 634.205 हेक्टेयर से 921.305 हेक्टेयर वृद्धि करने का निश्चित किया गया है।

सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न गांवों में यथा सियारमल, बालिगा, बांकीबहाल, सरडेगा और तुमुलिया गांव में जन सुनवाई हुई। इस बैठक में पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण उपायों पर सबने अपने अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किये। सुंदरगढ़ के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अभिमन्यु माझी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी), झारसुगुड़ा के क्षेत्रीय अधिकारी हिरण्य कुमार नायक आदि की सक्रिय भागीदारी से जन सुनवाई सुचारू रूप से संपन्न हुई। उक्त बैठक में सुंदरगढ़ के उप-जिलाधीश दसरथी सरबू, हेमगिर के तहसीलदार विकास रंजन परिडा और एमसीएल बसुंधरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीबी रेड्डी समेत प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री रेड्डी ने धूल प्रदूषण को कम करने और आसपास के समुदायों की जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए एमसीएल द्वारा उठाये गये सक्रिय कदमों पर प्रकाश डाला। पर्यावरण सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गयी। जन सुनवाई में बालिगा, बांकीबहाल, सियारामल, तेतेलगाडी, तुमुलिया, फारकबहाल, कुंदारेन और सरडेगा आदि आसपास के गांवों के निवासियों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में अपनी विचार व्यक्त किये तथा बहुमूल्य सुझाव दिये। साथ ही प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता जैसे बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित मांग भी रखी।

जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से उक्त जन सुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जबकि 20 फरवरी को तुमुलिया गांव में सुनवाई शुरू होने से पहले कुछ उपद्रवियों ने अपने निहित स्वार्थ की पूर्ति के लिए जन सुनवाई स्थल पर जाने वाले मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। जिला प्राधिकारियों ने सौहार्दपूर्ण ढंग से रास्ता अवरोध को हटा दिया। इसलिए तुमुलिया और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग जनसुनवाई में शामिल हुए और उन्होंने अपने सुझाव दिये। तुमुलिया के बारापाड़ा मैदान में आयोजित जनसुनवाई में पीबी रेड्डी ने सहयोग और सक्रिय भागीदारी के लिए गांव के लोगों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुंदरगढ़ जिला प्रशासन, पुलिस और एसपीसीबी के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक श्री रेड्डी ने यह भी कहा कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार कंपनी एमसीएल अपने परिधीय समुदायक क्षेत्रों में कल्याणकारी कार्य एवं लोगों के सहयोग के परिणामस्वरूप आज कंपनी भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक अहम योगदान दे रही है। श्री रेड्डी ने कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि एमसीएल कोयला जगत में सर्वोत्तम मुआवजा देना जारी रखते हुए अपने परिधीय लोगों के कल्याण में निवेश कर रही है। सुनवाई का सफल आयोजन कुलडा परियोजना के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय आबादी के हितों की दिशा में ध्यान रखते हुए देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम योगदान देगा। जिला प्रशासन ने सुंदरगढ़ के लोगों के साथ मिल कर विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शाती है।

# ट्विन सिटी की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक और एटीएम वाले इलाकों में एआइ कैमरे लगेंगे





**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ट्विन सिटी की सुरक्षा एआइ कैमरे करेंगे। पुलिस आयुक्त सुरेश देवदत सिंह ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अपराध संभावित क्षेत्रों, ट्रैफिक और एटीएम क्षेत्रों में स्थापित किया जायेगा। अधिक कैमरे और स्मार्ट तकनीक से अपराध नियंत्रण और जांच में मदद मिलेगी। सुरक्षा और निरापता के लिए लोगों की मदद की जरूरत है। अब एक हजार कैमरे हैं। यह पर्याप्त नहीं है। इसलिए एआइ कैमरे का प्रस्ताव है। पुलिस कमिश्नर ने फिर से अपार्टमेंट में सीसीटीवी कैमरे लगाने का अनुरोध किया है। भुवनेश्वर कटक में हाई रेजोल्यूशन एआइ कैमरे लगाये जायेंगे। उन्नत चेहरे की पहचान प्रणाली के माध्यम से अपराधियों और ट्रैफिक उल्लंघनकर्ताओं की पहचान की जायेगी। बायोमेट्रिक असेस कंट्रोल से होगी अपराधियों और आरोपियों की पहचान। अब ट्विन सिटी में 1000 कैमरे लगे हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर खराब हो चुके हैं। इसलिए पुलिस कमिश्नर ने टेक्नोलॉजी के जरिए अपराध कम करने और अपराधियों को पकड़ने पर जोर दिया। इसके अलावा लोगों को सुरक्षित रखने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ-साथ अपार्टमेंटों में व्यापक सुरक्षा गार्ड के साथ सीसीटीवी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। कानून व्यवस्था में आम जनता की भागीदारी बढ़ाने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

# हाइवा दुर्घटना में महिला की मौत से केंद्रापड़ा में तनाव

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रापड़ा में हाइवा दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी है। यह हादसा तीन मुहानी चौक में हुआ है। घटनास्थल पर महिला की मौत हो गयी। इसके चलते घटनास्थल पर तनाव देखा गया है। उत्यक्त लोगों ने हाइवा को कब्जे में ले लिया और हाइवा चालक की पिटाई कर दी। खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और पुलिस की मौजूदगी में लोगों ने चालक की पिटाई की। जानकारी के मुताबिक सोमवार को मीट्रिक परीक्षा के लिए बेटे को परीक्षा सेंटर में छोड़ने के लिए पति-पत्नी ने स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना स्थल महिला की मौत हो गयी और पति एवं बेटा घायल हो गये। मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहे लड़के का हाथ टूट जाने के कारण उसे मेडिकल में भर्ती कराया गया।

# बैंक लॉकर को कटर से काट कर चोरी का प्रयास, ग्राहक की संपत्ति सुरक्षित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलाहांडी केसिंगा थाना अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) की उत्केला शाखा में डकैती का प्रयास किया गया। कर्मचारियों ने सोमवारको बैंक खोलने के बाद खिड़कियों को कटा हुआ देखा और पुलिस को सूचित किया। उत्केला फंडी और केसिंगा पुलिस के साथ संधानी कुत्ते और विशेषज्ञ दल घटना की जांच कर रहे हैं। लुटेरों ने शनिवार की रात लूट का प्रयास किया। बता दें कि इसके पहले भी शाखा में दो बार डकैती का प्रयास कर चुके हैं।

# नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क में बाघिन अंकिता ने शावक को जन्म दिया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बाघिन अंकिता ने सोमवार को सुबह ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित नंदनकानन प्राणी उद्यान (एनजेडपी) में एक शावक को जन्म दिया। रिपोर्टों के अनुसार लगभग 13 वर्ष 1 महीने की बाघिन अंकिता ने 103 दिनों के गर्भकाल के बाद सोमवार की सुबह एक शावक को जन्म दिया, जिसका पिता सैफ है। इस शावक के जन्म के साथ ही नंदनकानन प्राणी उद्यान में बाघों की कुल संख्या अब 28 हो गयी है। अब मां और शावक सीसीटीवी की निगरानी में हैं। अंकिता का जन्म (13-01-2012) नंदनकानन में माता-पिता ऋषि और सारा के घर हुआ था। इसने तीन शावकों से कुल आठ संतानों को जन्म दिया है। पहला बच्चा 12 जनवरी 2018 को पैदा हुआ, जिसमें एक नर (एक दिन बाद मर गया) और एक मादा शावक (सिल्की) (1:1:0) शामिल थे, जबकि दूसरा बच्चा 17 फरवरी 2023 को पैदा हुआ, जिसमें एक नर (अमित), तीन मादा शावक (श्री, जयश्री, तृप्ति) और एक मृत बच्चा (1:3:1) शामिल था।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**